


# तरुण छत्तीसगढ़

आवश्यकता है
ज्वेलरी दुकान में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
सुनालिया ज्वेलर्स
पावर हाउस रोड कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023
वर्ष 34 अंक 332 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 02 सितम्बर 2023 डाक 03 सितम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी नई दिल्ली में वायु सेना स्टेशन, पालम तकनीकी क्षेत्र में आईएएफ लिगेसी पार्क के उद्घाटन में शामिल हुए



**देश-विदेश**
आईएनडीआईए में जातीय जनगणना पर दिखी रार ममता के एतराज ने टाला विपक्षी गठबंधन का संकल्प



**कोरिया पेज**
रोजाना ब्रेकफास्ट करने से मिल सकते हैं ये फायदे, भूल से भी न करें नजरअंदाज



## कौशांबी के जिला अस्पताल में लगी आग, अंदर मौजूद मरीजों में मची भगदड़



**कौशांबी, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

जिला अस्पताल के सिटी स्कैन वार्ड के पैनल रूम में शनिवार की सुबह करीब 10 बजे अचानक शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। इससे वार्ड के अलावा जिला अस्पताल में आए मरीजों और तीमारदारों में भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इसके बाद करीब 15 मिनट तक धुएं का गुबार वार्ड में फैला रहा। सीएमएस सुनील शुक्ला के मुताबिक पैनल रूम के सप्लाई वायर जल गए। आग लगने से लोग डर गए थे। हालांकि जल्द ही आग बुझा ली गई, किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

## ...इसमें गलत क्या है, सरकारी छुट्टियां घटाने पर पटना पहुंचकर बोले सीएम नीतीश कुमार

**पटना, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**



आईएनडीआईए की बैठक के बाद पटना पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मीडिया के सामने तमाम मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्कूलों में सरकारी छुट्टियां घटाए जाने के मुद्दे पर कहा कि इसमें गलत क्या है। बच्चों को शिक्षित ही तो बना रहे हैं। हम चाहते हैं कि बच्चों को समय पर अच्छी शिक्षा मिले। मुख्यमंत्री नीतीश ने यह भी कहा कि आईएनडीआईए की बैठक बहुत ही अच्छी रही है। अब हम सब मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि 5 तरह के कामों के लिए कमेटी बन गई है। केंद्र सरकार बहुत कुछ कर रही है, लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एकसाथ कराने की बात हो रही है। ये तो पहले भी होता था, ये बहुत अच्छा है। बहुत सी चीजें पहले होती थीं, जनगणना भी हर 10 साल में होती थी, लेकिन आपने (भाजपा) नहीं कराया, ये तो होना चाहिए था। कल इन सब पर भी बात हुई।सीएम नीतीश ने कहा कि मुझे पहले से ही शक है कि ये पहले चुनाव करा देंगे। विपक्ष की एकता से ये खतरा महसूस कर रहे हैं। केंद्र सरकार बहुत घबराहट में है।

जेडीयू नेता और बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव और भारत गठबंधन की बैठक के मुद्दे पर कहा कि सीटों के बंटवारे में कोई समस्या नहीं है।इस पर चर्चा (गठबंधन के भीतर) जल्द ही शुरू होगी। 2 अक्टूबर को बापू की जयंती पर हम एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इधर, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि जनता जो मजबूत विकल्प चाहती थी, वो विकल्प हम तैयार कर रहे हैं। समन्वय समिति (गठबंधन की) भी बन गई है... वन नेशन, वन इलेक्शन से पहले उन्हें वन नेशन, वन इनकम करनी चाहिए।

## ट्रेन और मिनीबस की टक्कर, 6 की मौत

**सैंटियागों, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

मध्य चिली के सैन पेड्रो डी ला पाज़ में एक ट्रेन के मिनीबस से टकरा जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य पुलिस के जुआन फ्रांसिस्को कैरास्को ने संवाददाताओं को बताया कि दुर्घटना शुक्रवार को एक रेलमार्ग क्रॉसिंग पर हुई, इसमें मिनीबस में सवार 14 लोगों में से छह की मौत हो गई। ट्रेनों का संचालन करने वाली राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी ईएफई सुर ने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और कहा कि ट्रेन में सवार कोई भी यात्री गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है।

## स्कूल के लिए निकले भाई और बहन की मौत, हाईवा ने लिया चपेट में



**बिलासपुर, सितम्बर [एजेंसी]।**

सिरगिट्टी में दर्दनाक सड़क हादसे में भाई बहन की दर्दनाक मौत हो गई। सुबह सुबह स्कूल जाने के दौरान ये घटना घटी. एक ही घर के दो बच्चों की मौत के बाद परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों और ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया है. पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। हाइवा की चपेट में स्कूल जाने वाले सिरगिट्टी क्षेत्र के नयापारा वार्ड नंबर 12 में रहने वाला लालू केवट किराना दुकान चलाता है. उसके भांजा भांजी उसी के साथ रहकर सिरगिट्टी के सरकारी स्कूल में पढ़ाई करते हैं। रोज की तरह दोनों भाई बहन सुबह 7.00 बजे साइकिल से बन्नाक चौक स्थित सरकारी स्कूल जा रहे थे। दोनों बच्चे पेट्रोल पंप के पास जैसे ही मोड़ पर पहुंचे एक तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. दोनों भाई बहनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सड़क हादसे के तुरंत बाद हाइवा का ड्राइवर फरार हो गया. हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों के नाम भावना केवट, 10वीं की छात्रा है. आयुष केवट सातवीं में पढ़ता था। घटना की खबर लगते ही आसपास के लोग वहां पहुंच। पुलिस को इसकी सूचना दी गई. परिवार वालों और ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया।

## गर्भवती महिला से बर्बरता मामले में पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार, जेपी नड्डा ने गहलोत सरकार को घेरा

**जयपुर।** राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के एक गांव में महिला को सरेआम निर्वस्त्र कर गांव घुमाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया था। पुलिस मुख्यालय जयपुर सूत्रों के मुताबिक प्रतापगढ़ एसपी अमित कुमार के निर्देशन में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। तीनों ऑपरेशन लंगड़ा की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। जिनकी टांगें टूटी हैं। बाकी आरोपियों को डिटेन (हिरासत में) किया गया है। राजस्थान के प्रतापगढ़ में हुई दर्दनाक घटना पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने कहा कि एक महिला के साथ छेड़छाड़ की गई, उसे निर्वस्त्र किया गया और वीडियो रिकॉर्ड किया गया। दो दिन पहले हुई घटना के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता अस्वीकार्य है। एनसीडब्ल्यू प्रमुख रेखा शर्मा ने राज्य के डीजीपी को दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने और आवश्यक आईपीसी प्रावधान लागू करने का निर्देश दिया है।

## नक्सली स्मारक को किया ध्वस्त सर्चिंग टीम को मिली सफलता

**नारायणपुर, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

सुरक्षाबलों और डीआरजी के जवानों ने नक्सली स्मारक को ध्वस्त किया है. जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत डीआरजी,बस्तर फाइटर और आईटीबीपी के संयुक्त टीम को भटबेड़ा थाना छोटेडोंगर क्षेत्र में रवाना किया गया था। इस जगह पर सर्चिंग के दौरान टीम को एक नक्सली स्मारक दिखाई दिया। जिसे टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से नीचे गिराया इसके बाद आग लगाकर नष्ट किया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार ने बताया कि थाना छोटेडोगर ग्राम भटबेड़ा में नक्सलियों ने लकड़ी का स्मारक बनाया था। जिसे सुरक्षाबलों ने आग लगाकर नष्ट किया है. डीआरजी, बस्तर फाइटर और आईटीबीपी की संयुक्त टीम ने इस स्मारक को ध्वस्त किया है. क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान में शामिल टीम सुरक्षित और खैरियत से है. नारायणपुर नक्सल प्रभावित जिला है। अबूझमाड़ के कई गांव आज भी नक्सलियों का दंश झेल रहे हैं।


## सूर्य की ओर बढ़े इसरो के कदम, लॉन्च हुआ भारत का पहला सोलर मिशन आदित्य एल-1

**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आज दोपहर 11 बजकर 50 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित अंतरिक्ष केंद्र से भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 को लॉन्च किया। भारत के इस पहले सौर मिशन से इसरो सूर्य का अध्ययन करेगा। इसरो के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को अंतरिक्ष में लैग्रेंज प्वाइंट यानी एल-1 कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसके बाद यह ये सैटेलाइट सूर्य पर होने वाली गतिविधियों का 24 घंटे अध्ययन करेगा। एल-1 सैटेलाइट को पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर स्थापित किया जाएगा। आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला है। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) शार, श्रीहरिकोटा आए लोगों में से एक ने कहा कि हम आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग को देखने के लिए मुंबई से आए हैं। यह हमारे लिए एक अविस्मरणीय पल है। यह एक अद्भुत एहसास है कि हम नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को प्रतिस्पर्धा दे रहे हैं। हम वास्तव में उत्साहित हैं। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से आज सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर इसरो ने भारत के पहले सोलर मिशन आदित्य एल-1 को लॉन्च किया। इस मौके पर आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग को देख रही भीड़ ने भारत माता की जय के नारे लगाए।




माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
श्री अमित शाह जी
द्वारा
आरोप पत्र लॉन्च
कार्यक्रम
आरोप पत्र
कटघरे में कांग्रेस
कांग्रेस राज के पांच बछर
छत्तीसगढ़ हो गे तितर-बितर
01 समय-10:30 बजे
आरोप पत्र जारी
(कांग्रेस सरकार के खिलाफ)
स्थान- पं. दीनदयाल उपाध्याय
ऑडिटोरियम, रायपुर
02 समय-03:00 बजे
जनजातीय सम्मेलन
एवं अभिनंदन कार्यक्रम
स्थान-सराईपाली
अउ नइ सहिबो, बदल के रहिबो।
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

# बिलटी पास करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप लगा अधिकारी पर

## लेनदेन को लेकर प्रबंधक व मिलर के बीच हंगामा

**जांजगीर चाम्पा।** जिले के वेयरहाउस प्रबंधक के ऊपर बड़ा आरोप लगा है। राइस मिलर एवं क्वालिटी स्पेक्टर ने प्रबंधक के खिलाफ रूपए लेकर राइस मिलर्स के चावल को पास करने का आरोप लगाया है। वेयरहाउस प्रबंधक पर आरोप है कि है कि कस्टम मिलिंग में चावल क्वालिटी पास कराने के एवज में प्रत्येक लाट के पीछे 800 रुपए लिया जाता है। वेयरहाउस में इस साल भी गड़बडी का सिलसिला जारी है। नान के मापदंडों को दरकिनार करते हुए मनमाने तरीके से चावल जमा करा रहे हैं। वेयर हाउस के क्वालिटी इंस्पेक्टर ने वेयर हाउस के प्रबंधक पर बड़ा आरोप लगाया है उनका कहना है कि कस्टम मिलिंग का चावल राइस मिलर द्वारा अमानक पाए जाने के बावजूद प्रबंधक द्वारा पास कर जमा कर दिया जाता है वही मिलर्स का भी आरोप है कि वेयरहउस के प्रबंधक द्वारा रुपए की मांग की जाती है। तब जाकर चावल के लाट को पास किया जाता है। पैसे नहीं देने पर चावल के लाट को रिजेक्ट कर दिया जा रहा है । इस तरह वेयरहाउस प्रबंधक की खूब मनमानी चल रही है जिसका विरोध मिलर्स द्वारा किया जा रहा है।

जिले में पंजीकृत मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के तहत धान के बदले वेयरहाउस एवं नान के गोदाम में चावल जमा कराया जाता है जिसमें प्रबंधक एवं क्वालिटी स्पेक्टर द्वारा चावल की क्वालिटी की जांच की जाती है। जिसके लिए वेयर हाउस में प्रबंधक एवं क्वालिटी स्पेक्टर नियुक्त रहते हैं। आम जनता तक सही चावल पहुंचे जिसके लिए क्वालिटी इस्पेक्टर चावल की जांच करता है। उसके बाद चावल को वेयरहाउस में रखा जाता है। लेकिन जिले के वेयरहाउस गोदाम में देखा जा रहा है कि किसी प्रकार की साफ सफाई एवं क्वालिटी की जांच नहीं हो रही है गोदाम के अंदर चावल में कीड़े चल रहे हैं ,वही साफ सफाई नहीं के बराबर है। फटाफट न्यूज़ रिपोर्टर को इस मामले में क्वालिटी स्पेक्टर ने बताया कि मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के तहत चावल का लॉट वेयरहाउस में लाया जाता है। फिर चावल का ब्रोकन एवं मॉस्चर, डिुस्कलर की जांच की जाती है तब जाकर चावल को पास किया जाता है । लेकिन कई ऐसे मौके आए हैं जिसकी जांच करके मैंने अमानक बताया बावजूद प्रबंधक द्वारा उस लाट को पास कर दिया गया। इस तरह वेयरहाउस क्वालिटी स्पेक्टर ने सीधा वेयरहाउस की प्रबंधक पर लगाया है। क्वालिटी इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच करने के लिए मशीन भी लगाई गई है जिससे जांच की जाती है वही एक लॉट में 580 बोरा चावल आता है जिसकी जांच के बाद ही उसे वेयरहाउस में रखा जाता है चावल का सैंपल लेने के अलग-अलग स्तर में जांच की जाती है लेकिन प्रबंधक की मनमानी के चलते अमानक को भी पास कर दिया जा रहा है।

वही बताया जा रहा है कि वेयर हाउस प्रबंधक का ट्रांसफर 5 महीने पहले हो गया है लेकिन वह यहां से जाने का नाम नहीं ले रहे हैं बावजूद अभी भी वेयरहाउस में जमे हुए है। ट्रांसफर होने के बाद भी वह यहां से रिलीव नहीं हुए । वेयर हाउस जिस मात्रा में चावल का स्टॉक है उसमें शार्टेज होना भी बताया जा रहा है। वेयरहाउस में इस तरह चावल का शार्टेज होना प्रबंधक की गैर जिम्मेदारी को बता रहा है। साफ सफाई के नाम में हजारों रुपए खर्च किए जाते हैं बावजूद गोदाम के अंदर साफ-सफाई नाम का कोई चीज नहीं चावल में कीड़े मकोड़े चल रहे हैं वहीं कई बोरे फटे बिखरे पड़े है। बावजूद प्रबंधक द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विगत दिनों जिसको लेकर प्रबंधक एवं राइस मिलर के बीच खूब हंगामा हुआ पैसे की लेनदेन को लेकर राइस मिलर और प्रबंधन के बीच तू-तू मैं-मैं भी हुई वही मिलर्स द्वारा पैसे लेने का आरोप लगाते हुए प्रबंधक के खिलाफ उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

# तत्काल बैटरी चलित ट्रायसायकल पाकर मनराखन के खिले चेहरे



**जांजगीर-चांपा ।** चलनशीलता दिव्यांगता से ग्रसित ग्राम कुटरा के मनराखन कश्यप, पिता रामचरण कश्यप द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर बैटरी चलित ट्रायसायकल की मांग की गई। जिस पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य ने उनकी मांग पर संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल उपसंचालक समाज कल्याण को बैटरी चलित ट्रायसायकल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एम. के. राउत, चेयरमेन अशोक अग्रवाल एवं अपर कलेक्टर एसपी वैद्य द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में दिव्यांग मनराखन कश्यप को बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदान किया गया। ट्रायसायकल के मिलने से मनराखन कश्यप चेहरे खिल उठे एवं उन्होंने प्रशासन की संवेदनशीलता पर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद स्थापित किया। इस अवसर पर दिनेश शर्मा, देवेश सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक टी पी भावे एवं डीपीएम उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का आयोजन 04 से 06 सितम्बर 2023 तक जिला मुख्यालय जांजगीर में आयोजित किया जाना है। कलेक्टर के निर्देशन जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के सफल आयोजन के लिए समिति के सदस्यों की बैठक किया गया।

## रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ली भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा जांजगीर की बैठक

**जांजगीर-चांपा।** राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एम.के. राउत की अध्यक्षता एवं चेयरमेन अशोक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्कूल एवं कालेजो के छात्राओं को फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जाना, ब्लड डोनेट हेतु जन जागरूकता, प्रत्येक गांवो में रेडक्रॉस वालंटियर नियुक्त करने, रेडक्रॉस सदस्यता अभियान चलाया जाना, वृद्धा आश्रम खोखरा को रेडक्रॉस के माध्यम से संचालित करने, धनवंतरी मेडिकल स्टोर को रेडक्रॉस के माध्यम से संचालित करने के लिए कार्यों का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही उक्त बैठक में चार संरक्षक बनाया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला सचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी ने बताया कि जिले में रेडक्रास सोसाइटी द्वारा 03 मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है तथा 14 रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 520 रक्त दाताओं द्वारा रक्तदान किया गया है। इसके साथ ही 01 हेपेटाइटिस टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया है। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी में 639 आजीवन सदस्य बनाया गया है। जिला भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी द्वारा 2 एम्बुलेंस एवं 01 शव वाहन उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही जिला शाखा रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियां, रेडक्रॉस दवा दुकान, एंबुलेंस का संचालन, नि:क्षय मित्र अभियान पर चर्चा. सदस्यता अभियान, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण एवं शालाओं एवं महाविद्यालयों में रेडक्रॉस का गठन एवं गतिविधियों का संचालन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में भगवान दास गढ़ेवाल, जय थवाईत, दिनेश शर्मा, देवेश सिंह, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, सहित अन्य उपस्थित थे।

## भूपेश सरकार गांव गरीब व किसानों की सरकार :राजकुमार साहू

**जांजगीर-चाम्पा।** नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भड़ेसर के



आंगनबाड़ी केंद्र में 15 वित्त योजना के तहत 2 लाख 90 हजार की लागत से बाउंड्रीवॉल निर्माण का लोकार्पण जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू द्वारा विधिवत नारियल तोड़कर फीता काटकर किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सभापति राजकुमार साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बाउंड्रीवॉल होने से आंगनवाड़ी केंद्र पूरी तरह से सुरक्षित हो गया है, आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने लिखने आये नन्हे-मुन्ने बच्चों को अब किसी तरह की परेशान नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार गांव गरीबों के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है जिसे हमारे ग्रामीणजन व किसान योजनाओं का भरपूर लाभ उठाकर मजबूत हो रहे है। लोकार्पण कार्यक्रम को ग्राम सरपंच श्रीमति रामकुमारी यादव व आचार्य अमित मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से अमित सिंह,नवल सिंह सरपंच प्रतिनिधि रामकुमार यादव, गंगा राम बरेठ, राजेश यादव, रवि यादव, हेमंत साहू, दिनेश पाडेय, धनपति करियारे, गणेश राम यादव, हर कुमार साहू, प्रिती यादव, भगवती यादव, सेवती बरेठ, धनबाई सूर्यवँशी, महेंद्र सूर्यवँशी, इदल सिंह राठौर रामसनेही यादव निशा साहू, श्यामा देवी राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन रवि यादव ने किया।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन : विभिन्न पदों की संविदा नियुक्ति हेतु पात्र, अपात्र की सूची जारी

**जांजगीर-चांपा।** जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न पदों ( सपोर्ट स्टॉफ हाउस कीपिंग, एकाउंटेट एन. यु. एच. एम., टी.बी. एच. व्ही. एन.टी.ई.पी., सेकेट्रियल असिस्टेंट एन.व्ही. बी.डी.सी.पी., अटेंडेट एन.आर.सी., क्लीनर एस. एन. पी. यु., आया बाई एस. एन.सी.यु., सेकेट्रियल असिस्टेंट आई.डी.एस.पी. और नर्सिंग ऑफिसर एन. एच. एम., आई.सी.यु.) की संविदा नियुक्ति हेतु 4 मई 2022 तक इच्छुक पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के नाम से रजिस्टर्ड डॉक के माध्यम से आमंत्रित किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्राप्त सभी आवेदनों को चयन समिति के अनुमोदन उपरांत पात्र, अपात्र की सूची जारी किया गया है। उक्त जारी पात्र, अपात्र सूची में किसी भी अभ्यर्थी को दावा-आपत्ति करना हो तो निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर 11 सितम्बर 2023 को शाम 05 बजे तक सीधे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जांजगीर-चांपा में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्य माध्यम से भेजे गये दावा आपत्ति तथा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा। सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट https://janjgir-champa.gov.in/ पर कर सकते हैं।

## अमोदा में शराब पीने के बाद हुई संदिग्ध मौत मामले में सियासत, तेजनेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस सरकार पर बोला हमला

**जांजगीर-चांपा।** अमोदा गांव में शराब पीने के बाद दो लोगों की हुई संदिग्ध मौत मामले में



सियासत तेज हो गई है। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कांग्रेस सरकार पर सीधा हमला बोला है। चंदेल ने शराब पीने से हुई 2 लोगों की मौत के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार को कसूरवार ठहराते हुए कहा कि जहरीली व विषयुक्त शराब पीने से अमोदा में 2 लोगों की मौत हुई है। इसके लिए हजारों करोड़ रुपए का शराब घोटाला करने वाली भूपेश सरकार जिम्मेदार है।

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि 3 माह पहले इसी क्षेत्र के ग्राम रोगदा में 3 परिवार जहरीली शराब से पूरी तरह उजड़ गया था। अभी इन परिवारों के आंसू सूख भी नहीं पाए हैं और अमोदा गांव में फिर इसी तरह की घटना सामने आ गई है। दोनों मृतक किरण कुमार सूर्यवंशी और ललिता सूर्यवंशी अनुसूचित जाति से हैं। दोनों जहरीली शराब के सेवन से असमय काल के गाल में समा गए। श्री चंदेल ने कहा कि हम लोग एक नहीं अनेक बार शासन व प्रशासन को अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में ध्यान आकृष्ट कर चुके हैं। सड़क से लेकर सदन तक इस विषय को लेकर आंदोलन भी हुए, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि प्रदेश की भूपेश सरकार के संरक्षण में अवैध व जहरीली शराब का कारोबार खुलेआम गांव-गांव गली-गली में चल रहा है। शासन व प्रशासन के संरक्षण में इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाया जा रहा है। श्री चंदेल ने कहा कि यह मौत का तांडव इस कांग्रेस सरकार की अवैध कमाई की भूख की परिणति है। छत्तीसगढ़ में शराब से मौत का सिलसिला कब रुकेगा, यह अनिश्चय के गर्भ में है। श्री चंदेल ने कहा कि इन मौतों के लिए जो भी जिम्मेदार है, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। श्री चंदेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से कहा है कि प्रदेश में अवैध शराब से मौतों का सिलसिला कब रुकेगा, इस पर मुख्यमंत्री सार्वजनिक रूप से जानकारी दें। प्रदेश की जनता इस बात को जानना चाहती है

# हादसे में बच्चे की मौत, 8 घंटे तक रास्ते पर जाम

**जांजगीर चांपा।** ओवरटेक करते हुए बेकाबू कैप्सूल ने 10 साल की बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया है। इससे मौके पर ही बच्ची की मौत हो गई। मां के सामने बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों व आक्रोशित भीड़ ने मुआवजे की मांग को लेकर मेन रोड में चक्काजाम कर दिया। 4 घंटे तक चक्काजाम रहा। चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार पामगढ़ थाना के गांव कोसला निवासी रामप्यारी पति संतोष विश्वकर्मा (40) अपने 10 वर्षीय बेटी तनु तान्या के साथ सुबह 9 बजे बस से मायके डोड़की गई थी। मायके में भाई को राखी बांधने के बाद ससुराल लौट रही थी। मेऊ बस स्टेंड के पास रामप्यारी अपने बच्ची के साथ सड़क किनारे में खड़ी थी। इसी दौरान शाम 5 बजे कैप्सूल क्रमांक डब्यूबी 29 बी 4510 के चालक ने ओवरटेक करते हुए तनु को चपेट में ले लिया। अपने सामने बेटी की मौत देख मां आवाक रह गई। घटना की जानकारी मिलते ही भीड़ लग गई। परिजनों व आक्रोशित भीड़ ने शव रखकर शिवरीनारायण-पामगढ़ मेन रोड में चक्काजाम कर दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस सदलबल मौके पर पहुंची। आंदोलनकारियों को समझाइश देने का प्रयास किया गया। लेकिन आंदोलनकारी डटे रहे। वहीं प्रशासन की ओर से 25 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि दी गई। इसके बाद आक्रोश शांत हुआ।

# शराब ने ले ली महिला सहित दो लोगों की जान



**जांजगीर चंपा।** जिले में अवैध शराब पीने के बाद मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चार महीना पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी। अब फिर यही घटना दुहराई गई है। दरअसल, नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमोदा में शराब पीने से एक महिला व एक युवक सहित दो लोगों की मौत हो गई। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि दो लोगों ने जो शराब पी थी उसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ी और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमोदा में बाराद्वार निवासी किरण कुमार सूर्यवंशी 30 अपनी पत्नी को लेकर साले के घर रक्षाबंधन त्योहार मनाने आया था। गुरुवार की रात 8 बजे उसने गांव में ही एक व्यक्ति के घर से देसी शराब खरीदी और पड़ोस की महिला ललिता सूर्यवंशी 50 पति रथराम सूर्यवंशी के साथ शराब पी। शराब पीते ही दोनों की तबियत बिगडने् लगी। दोनों के परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पीएम से स्पष्ट होगा कि शराब जहरीली थी या उसमे किसी ने कुछ मिलाया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों की मौत के मामले की विवेचना में जुटी है। अमोदा के सरपंच एसके लहमोर ने बताया कि देसी शराब की खरीदी गांव के ही एक व्यक्ति के घर से की गई थी। पुलिस जब उसके ठिकाने में गई तब वह घर से फरार हो गया था। फिलहाल पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

**तीन माह पहले भी इसी क्षेत्र में तीन की मौत**

आपको बता दें कि इसी क्षेत्र के ग्राम रोगदा में 15 मई 2023 को जहरीली शराब पीने से सेना के जवान समेत तीन लोगों की मौत हुई थी। इस मामले में पुरानी रंजिश का बदला लेने शराब में जहर मिलाने की बात सामने आई थी। इस मामले में एक आरोपी अब भी जेल में है।

अमोदा में रात को दो लोगों की संदिग्ध मौत हुई है। संभवत- दोनों ने शराब पी थी। मर्ग कायम कर परिजनों से बयान लिया जाएगा। फिर जांच में वास्तविक तथ्य सामने आएंगे उस हिसाब से जांच आगे बढ़ेगी।

– तुल सिंह पट्टावी, टीआई, नवागढ़

## इंजी रवि पांडेय कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त सचिव बनाए गए

**जांजगीर चांपा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव इंजी. रवि पाण्डेय ने संगठन के प्रति ईमानदारी पूर्वक किए गए कार्यों को तवज्जों देते हुए प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी में कद बढ़ाया है। उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सचिव पद से पदोन्नति करते हुए प्रदेश संयुक्त महासचिव बनाया गया है।

तत्कालीन कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेश बघेल की कार्यकारिणी में 2018 में इंजी. पाण्डेय की नियुक्ति प्रदेश सचिव के पद पर हुई थी। लगभग पांच वर्षों तक उन्होंने इस पद पर कार्य किया और पार्टी के दिए गए दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया। प्रदेश कांग्रेस की कई महीनों से प्रस्तावित कार्यकारिणी का लंबे इंतजार के बाद विगत दिनों घोषणा हुई, जिसमें इंजी. पाण्डेय ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की लोकहित नीतियों के चलते जनता का भरोसा कायम है और आगामी चुनाव में पुन: कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। आपकों बता दें कि इंजी. रवि पाण्डेय जांजगीर चांपा विधानसभा के प्रबल दावेदारों में से एक हैं।


**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा**

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-12**

(प्रथम बार)

क्रमांक/3661/टेण्डर/ग्रायांसेवा/2023 कोरबा, दिनांक: 31.08.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में ''द'' वर्ग या उससे उपर श्रेणी में पंजीकृत (विद्युत) ठेकेदारों से निम्न दर्शित विद्युतीकरण कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी एवं 01.06.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन (Online) प्रतिशत दर पर निविदा दिनांक 15.09.2023 समय 17.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नाम :- जोनल टेण्डर (वित्तीय वर्ष 2023-24) जिला कोरबा के विकासखण्ड कोरबा, करतला, कटघोरा, पाली एवं पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत विभिन्न प्रकार के भवनों में विद्युतीकरण कार्य हेतु (रू. 10.00 लाख तक के कार्य हेतु)

2. ठेके की अनुमानित लागत :- रू. 40.00 लाख (प्रत्येक जोनल हेतु)

3. निविदा की धरोहर राशि :- रू. 30000.00 (प्रत्येक जोनल हेतु)

4. निविदा प्रपत्र का मूल्य :- रू. 750.00 (प्रत्येक जोनल हेतु)

5. निविदा प्रपत्र Download/Submitt करने की अंतिम तिथि व समय :- 15.09.2023 समय 17.30 बजे तक

6. निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से पहुंचने की अंतिम तिथि व समय :- 21.09.2023 समय 17.30 बजे तक

7. निविदा खोलने की तिथि :- 25.09.2023 समय 11.30 बजे से

2/ निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 31.08.2023 समय 15.30 बजे से देखी जा सकती है।

(अन्तीना तिर्की)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

जी-04851/3




## स्वर्णकार समाज महिला मंडल ने भोजली उत्सव मनाया


न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक/3218/अ.भू.अ.(परि.शा.)/वाचक/ 2023
कोरबा, दिनांक 31.08.2023

रा.प्र.क्र.-906/अ-2/2022-23
ग्राम- दादरखुर्द, प.ह.नं.-21
तह.-कोरबा, जिला- कोरबा(छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 906/अ-2/ 2022-23 आवेदकगण अविनाश एक्का एवं अविरल एक्का दोनों पिता देवसाय राम, निवासी-आदर्श नगर कुसमुण्डा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा के द्वारा ग्राम-दादरखुर्द, प.ह.नं.21, तहसील व जिला-कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 993/2 रकबा 0.073 हे. में से रकबा 0.016 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 14.09.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील
अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा.
जिला- कोरबा (छ.ग.)


## पीएम आवास की किस्त आते ही कराएं काम नहीं हुआ तो होगी परेशानीः सीईओ

**जांजगीर चांपा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के मकानों को बनाने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। फिल्ड में हो रहे कार्यों का जायजा लेने जिपं सीईओ ने बम्हनीडीह में पिपरदा, खपरीडीह, पोडीशंकर, सोनाईडीह पहुंचीं। हितग्राहियों से चर्चा करते हुए आवास को जल्द से जल्द पूर्ण कराने कहा। जिला पंचायत सीईओ ने पोडीशंकर में पीएम आवास योजना के हितग्राहियों से कहा कि आवास निर्माण को लेकरी किस्त की राशि खाते में आते ही कार्य शुरू कराना जरूरी है।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन

फा.क्र./136/निर्माण (पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन)/2023/ कोरबा, दिनांक 29..08.2023

निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि-लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 19.09.2023 सायंकाल 3.00 बजे तक

2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 19.09.2023 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | वार्ड क्र.23 अंतर्गत जायसवाल किराना के पास से एम.आई.जी.II/101 तक सीवर लाईन का मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य। (मरम्मत एवं संधारण मद) (द्वितीय निविदा) | 3,97,000/- | 4000/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट website:www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//



न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक/3222/अ.भू.अ.(परि.शा.)/वाचक/ 2023
कोरबा, दिनांक 31.08.2023

रा.प्र.क्र.-907/अ-2/2022-23
ग्राम- दादरखुर्द, प.ह.नं.-21
तह.-कोरबा, जिला- कोरबा(छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 907/अ-2/ 2022-23 आवेदिका श्रीमती कुंवर पति गोपाल बहादुर, निवासी-पंचवटी गेस्ट हाउस, नगर पालिक निगम कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा के द्वारा ग्राम-दादरखुर्द, प.ह.नं.21, तहसील व जिला-कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 1304/1 रकबा 0.032 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 14.09.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील
अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा.
जिला- कोरबा (छ.ग.)


# भगवान राम हमारे आदर्श है, उनके मर्यादाओं का हमें अनुसरण करना चाहिए :अमर सुल्तानिया

**जांजगीर-चांपा।** भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं, उनके मर्यादाओं का हमें अनुसरण करना चाहिए। राम हमारे मन में गढ़े हुए हैं, हमारे भीतर घुल-मिल गए हैं। कोई काम करना हो, तो प्रेरणा के लिए हम भगवान राम की ओर ही देखते हैं। आप भगवान राम की अद्भुत शक्ति देखिए। इमारतें नष्ट कर दी गईं, अस्तित्व मिटाने का प्रयास भी बहुत हुआ, लेकिन राम आज भी हमारे मन में बसे हैं, हमारी संस्कृति का आधार हैं। श्रीराम भारत की मर्यादा हैं, श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उक्त बातें आज ग्राम पंचायत बसंतपुर (चांपा) जिला जांजगीर चांपा में पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर पर निरंतर दो माह तक चल रहे श्री रामचरित मानस गायन समारोह समापन के मुख्य अतिथि जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने भारी संख्या में उपस्थित श्रोता समाज को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में आगे कहा कि भगवान श्री राम हमारे रग रग कण कण में बसे हुए हैं, भगवान श्री रामचंद्र जी के सिर्फ राम नाम लेने मात्र से ही सारे संकटों का निवारण होता है। ग्राम बसंतपुर भाटापारा रामायण स्थल पहुंचने पर युवा भाजपा नेताअमर सुल्तानिया का रामायण समिति के पदाधिकारी ने फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। श्री सुल्तानिया रामायण समिति के सभी पदाधिकारियों बुजुर्गों का साल श्री फल देकर सम्मानित किए। वे रामायण की आरती में भी शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री द्वारिका प्रसाद यादव जी ने किया। आज के इस शुभ अवसर पर जिला भाजपा के उपाध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता अमर सुल्तानिया , वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश भोपालपुरिया, रामलल्ला सिंह, भूपेन्द्र साहू, भोलू केंवट, ग्राम पंचायत के सरपंच यशवंत पटेल, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व्यास नारायण कश्यप, साधुराम साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, द्वारिका प्रसाद यादव, शंकर लाल साहू, उमाशंकर पटेल कुश दास वैष्णव, रामखेलावन यादव, रामनारायण यादव, हीरालाल पटेल, रमाशंकर साहू, रामानुज साहू, कुशल प्रसाद यादव, सत्यनारायण पटेल, रामनाथ यादव, सहदेव यादव, टेकराम कश्यप, बुधराम पटेल, सहित भारी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

## ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचला

**जांजगीर-चांपा।** शिवरीनारायण मुख्य मार्ग में एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे के बाद आरोपी वाहन छोड़कर भाग निकला। मृतक का नाम श्याम साहू 28 वर्ष निवासी ग्राम तलदेवारी है। मृतक गांव में ही ऑटो रिपेयरिंग की दुकान चलाता था। वह दुकान का सामान लेने के लिए शिवरीनारायण गया हुआ था। वहां से ऑटो पार्ट्स लेकर वो वापस अपनी दुकान तलदेवारी आ रहा था। इसी दौरान बिर्रा-शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर उसकी बाइक को सामने से ट्रेलर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रेलर को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## अनमोल वचन

**मन की बात कह देने से फैसले हो जाते हैं
मन में रखने से फासले हो जाते हैं !**

# इंडिया में विवाद नहीं, मंशा सबकी!

यह सही है विपक्षी पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर कोई विवाद नहीं है लेकिन यह भी सही है कि दावेदारी सबकी है। कम से कम पांच पार्टियों की ओर से अपने नेता को दावेदार के तौर पर पेश कर दिया गया है। हालांकि दावेदारी पेश करने के बाद सफाई देकर उसका खंडन भी कर दिया गया लेकिन आधिकारिक रूप से यह बात दर्ज हो गई कि अमुक नेता विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करना चाहता है या गठबंधन की जीतने पर प्रधानमंत्री बनना चाहता है। जिन पार्टियों की ओर से दावेदारी की गई है उनकी ओर से मजबूत तर्क भी दिए गए हैं। प्रधानमंत्री पद के दावेदारों में सबसे ताजा नाम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का है। उनसे पहले राहुल गांधी, नीतीश कुमार, उद्धव ठाकरे, शरद पवार और ममता बनर्जी दावेदार हैं, जबकि मल्लिकार्जुन खड़गे डार्क हॉर्स हैं। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने मुंबई की बैठक से ठीक पहले कहा कि अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे उपयुक्त दावेदार हैं क्योंकि उनके पास विकास का एक नजरिया है, जिसे वे पूरे देश में लागू कर सकते हैं। गौरतलब है कि केजरीवाल की पार्टी विचारधारा की जगह गवर्नेंस को तरजीह देती है और उसके लिए गवर्नेंस का मतलब मुफ्त में पानी, बिजली उपलब्ध कराना है। हालांकि प्रियंका कक्कड़ के बयान के तुरंत बाद पार्टी के बड़े नेता सक्रिय हुए और इसका खंडन किया। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा के साथ साथ दिल्ली सरकार की नंबर दो मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल प्रधानमंत्री पद के दावेदार नहीं हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी उनको पहले ही प्रधानमंत्री पद का दावेदार बता चुकी है। जदयू का कहना है कि नीतीश को 'इंडिया' का संयोजक बनाया जाए और उनके नाम पर चुनाव लड़ना चाहिए। जदयू का तर्क है कि नीतीश ने विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने का प्रयास शुरू किया और सफल रहे। इसके अलावा पार्टी का यह भी कहना है कि नीतीश ने जातीय गणना करा कर सामाजिक न्याय का एजेंडा फिर से चर्चा में ला दिया है। भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति की काट के तौर पर यह एकमात्र मुद्दा है, जिससे विपक्षी पार्टियां भाजपा को चुनौती दे सकती हैं। इसलिए अगर नीतीश चेहरा बनते हैं तो विपक्ष को पिछड़े, दलितों, वंचितों व अल्पसंख्यकों का वोट एकजुट करने में आसानी होगी। एनसीपी के नेता शरद पवार प्रधानमंत्री पद के सबसे पुराने और स्थायी दावेदार हैं। वे सबसे लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। उनकी पार्टी वरिष्ठता और सभी पार्टियों में संपर्कों की वजह से उनको दावेदार बता रही है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की पार्टी का मानना है कि हिंदुत्व की अपनी राजनीति के दम पर उद्धव ज्यादा मजबूती से नरेंद्र मोदी को टक्कर दे सकते हैं। उनके नाम पर कट्टर हिंदू वोट भी हासिल किया जा सकता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रधानमंत्री पद की पांचवीं दावेदार हैं। वे महिला हैं, केंद्र में मंत्री रही हैं और तीन बार से बंगाल की मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में सीधी लड़ाई में भाजपा को हराया था।

## राशिफल

**मेषः** आज आपकी मनः स्थिति बारंबार बदलती हुई महसूस होगी। मनःस्थिति में स्थिरता न रहने से अस्वस्थता का अनुभव होगा। इसके कारण आपकी पूर्णता को प्राप्त हुए कार्य के बिगड़ने की भी संभावना है।

**वृषभः** ग्रहों की प्रतिकूल परिस्थिति आज आपको किसी के साथ झगड़ने के लिए प्रेरित करेगी । इस कारण से लोगों के मन में आपके बारे में कटुता पैदा होगी। इन सभी से तंग आकर दोपहर बाद आप अपने नौकरी।

**मिथुन :** आप भावनाओं को किनारे रखकर कार्य पर अधिक ध्यान देंगे । अपने आसपास के लोगों की मांगे पूरी करने में आपका समय व्यतीत होगा, परंतु आप जितनी अधिक मांगे पूरी करने का प्रयास करेंगें।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए अत्यंत अनुकूल है। आपके पास की कीमती वस्तुओं से आप आनंद और संतोष का अनुभव करेंगे। ऐसी संभावना है कि आप किसी के साथ प्रणय में बंध जाएंगे। प्रेमीजनों के लिए भी यह एक श्रेष्ठ समय है।

**सिंह :** आपके बेफिक्र स्वभाव के कारण आज खर्च में वृद्धि होगी। अत्यधिक खर्च पर अंकुश लगाने की सलाह है। दोपहर बाद नौकरी व्यवसाय में छोटे-छोटे प्रश्नों में आप उलझे रहेंगे।

**कन्या :** आज का दिन मिश्र भावनाओं का अनुभव कराने वाला होने की संभावना है। दोपहर बाद आपको आर्थिक लाभ होने की संभावना है। ठोस निजी संबंधों के बारे में आपकी स्वामित्वभावना आज प्रकट होगी, और आप अपने प्रियपात्र को जनसमूह से दूर रखने की कोशिश करेंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए निर्णायक और आश्चर्यजनक बना रहेगा। आपको उच्च अधिकारियों और बुजुर्गों से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों का खूब अच्छा सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिकः** धंधे में भागीदारी से लाभ होगा परिवारजनों या मित्रों के साथ बाहर सुरुचिपूर्ण भोजन करने का अवसर मिलेगा। नई जगह और नए माहौल में आप अकेलापन महसूस करेंगे, परंतु थोड़े ही समय में आप उसमें अनुकूलता अनुभव करेंगे।

**धनुः** आज किसी भी विशेष घटना के बिना समान्य दिन होगा, जिसमें आप दैनिक प्रवृत्तियों में अपना समय व्यतीत करेंगे। आप अपने उत्तरदायित्व को अच्छी तरह निभा सकेंगे और समय से पूरा कर सकेंगे।

**मकरः** आप रोमेंटिक मिजाज में होंगे, इसलिए अपने प्रिय व्यक्ति की तरफ आपका दिल ढलेगा और यदि परिणित होंगे, तो जीवनसाथी के साथ आनंदभरा सानिध्य प्राप्त करेंग। दोपहर बाद किसी प्रसंग में अपने अक्कड़ स्वभाव के कारण निकटस्थ स्वजनों के साथ संबंध बिगड़ने की संभावना है।

**कुंभ :** आज आप अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ बैठकर महत्त्वपूर्ण विषयों की चर्चा करेंगे। परिवार के सदस्य आपका दृष्टिबिंदु समझने का प्रयास करेंगे। दूसरी तरफ आप भी उनके प्रस्तुत किए निश्चित मुद्दों के साथ सहमत होंगे।

**मीन :** आज अपने विरोधियों को आपके समक्ष टिकना भारी पड़ेगा। विजय आपकी ही होगी। अतः चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है। आपका स्वभाव दुश्मनी करने का नहीं है, परंतु आज कुछ परिस्थिति ही ऐसी बनेगी कि आपको विरोधियों का सामना करना पड़ेगा।

# अगला चुनाव जाति के मुद्दे पर

//अजीत द्विवेदी//

**नरेंद्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री पद के दावेदार के रूप में चुनाव लड़ रहे थे तब चुनाव लगभग पूरी तरह से सत्ता विरोधी लहर पर लड़ा गया था। भाजपा और नरेंद्र मोदी की प्रचार टीम के सारे नारे सत्ता विरोध वाले थे। मनमोहन सिंह पर कमजोर नेतृत्व का आरोप था तो महंगाई और भ्रष्टाचार का मुद्दा था। इसके अलावा वह चुनाव उम्मीदों और आकांक्षाओं वाला था। अच्छे दिन के वादे वाला था। उसके बाद के किसी चुनाव में अच्छे दिन की बात नहीं हुई। प्रधानमंत्री के रूप में मोदी 2019 में पहला लोकसभा चुनाव लड़े और वह पूरी तरह से राष्ट्रवाद के मुद्दे पर था। पुलवामा कांड की पृष्ठभूमि और सर्जिकल स्ट्राइक व बालाकोट स्ट्राइक के नाम पर चुनाव हुआ था। इन दोनों चुनावों में हिंदुत्व का मुद्दा सतह के अंदर अंडरकरंट की तरह था। इस बार के चुनाव में वह मुख्य मुद्दा बनता दिख रहा है और उसके साथ साथ राष्ट्रवाद, मोदी का मजबूत नेतृत्व और भारत के विश्वगुरू होने का नैरेटिव है।**

दूसरी ओर 2014 और 2019 के चुनाव में पूरी तरह से बिखरा और किंकर्तव्यविमूढ़ रहा। पर इस बार विपक्ष एकजुट होकर एक साझा नैरेटिव पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। कहने को विपक्षी पार्टियां बता रही हैं कि आम लोग सरकार से नाराज हैं, महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त हैं और इसलिए सत्ता विरोध की लहर है। हालांकि जमीन पर ऐसा कुछ नहीं दिख रहा है। सत्ता विरोध प्रत्यक्ष नहीं दिख रहा है। हो सकता है कि लोगों के मन में नाराजगी हो लेकिन वह नाराजगी भाजपा और मोदी के खिलाफ वोट में कितनी तब्दील होगी यह नहीं कहा जा सकता है। यह बात विपक्ष को भी पता है इसलिए ऊपरी तौर पर सत्ता विरोधी लहर की बात कही जा रही है लेकिन अंदरूनी रणनीति में जाति को मुख्य मुद्दा बनाने की तैयारी होती दिख रही है। तभी कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी पार्टियां जातियों की गिनती कराने और आरक्षण बढ़ाने की बात कर रही हैं। जातियों की गणना और आरक्षण का दायरा बढ़ाने की बात पर सभी पार्टियों में सहमति है और इस बात पर भी सहमति है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस मुद्दे को हाईलाइट करें। हाल में दो जगह खड़गे ने इससे जुड़े बयान दिए। मध्य प्रदेश में उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी तो जातियों की गिनती कराएगी। इसके बाद वे तेलंगाना में प्रचार करने गए तो वहां वादा किया कि कांग्रेस की सरकार बनी तो अनुसूचित जाति का आरक्षण बढ़ा कर 18 फीसदी और अनुसूचित जनजाति का आरक्षण बढ़ा कर 12 फीसदी करेंगे। कर्नाटक में कांग्रेस पहले ही घोषणा कर चुकी है कि वह आरक्षण की सीमा 75 फीसदी तक ले जाएगी। सो, जाति और आरक्षण की जो राजनीति पहले बिहार और उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा दिखती थी उसका विस्तार मध्य प्रदेश से लेकर कर्नाटक और तेलंगाना तक दिखने लगा है।

यह जरूर है कि इस बार भी शुरुआत बिहार से ही हुई है। बिहार की सरकार ने तमाम कानूनी बाधाओं और राजनीतिक अड़चनों के बावजूद जातियों की गिनती कराई है। इसके बाद संभव है कि राज्य सरकार आरक्षण को लेकर कुछ बड़े फैसले करे। मसलन आरक्षण की सीमा बढ़ाई जा सकती है, आरक्षण के भीतर आरक्षण का दायरा बढ़ सकता है, निजी सेक्टर में आरक्षण के बारे में स्टैंड तय किया जा सकता है और न्यायपालिका में आरक्षण का दबाव बढ़ाया जा सकता है। यह सब जातियों के आंकड़े आने के बाद होगा। पारंपरिक अनुमान के मुताबिक बिहार में 54 फीसदी आबादी अन्य पिछड़ी जाति की है। सो, आबादी के अनुपात में आरक्षण बढ़ाने की दिशा में राज्य सरकार बढ़ेगी। वहां से यह मुद्दा पूरे देश में जाएगा और अगले चुनाव का मुख्य मुद्दा बनेगा। भाजपा को इसका अंदाजा है इसलिए केंद्र ने इसके वैधानिक पक्ष पर अपनी राय रखते हुए सुप्रीम कोर्ट में दिए हलफनामे में कहा कि जनगणना का अधिकार सिर्फ केंद्र सरकार को है। हालांकि बाद में सरकार ने यह हलफनामा वापस ले लिया, जिससे लगता है कि भाजपा खुद इस मामले में दुविधा में है।

बहरहाल, ऐसा नहीं है कि भाजपा इस राजनीति में बहुत पीछे है। वह पहले से पिछड़ी जातियों और उसमें भी अन्य पिछड़ी जातियों में काम कर रही है। बिहार, उत्तर प्रदेश सहित देश के अनेक राज्यों में अत्यंत पिछड़ी जातियों के बीच भाजपा का वोट आधार बढ़ा है। सीएसडीएस के आंकड़ों के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में दबंग या मजबूत पिछड़ी जातियों का 40 फीसदी वोट भाजपा को मिला, जबकि अत्यंत पिछड़ी जातियों का 48 फीसदी वोट भाजपा को गया। धीरे धीरे यह परिघटना मजबूत हुई है। मुख्य रूप से इसके दो कारण हैं। पहला तो यह है कि नरेंद्र मोदी पहले दिन से बहुत व्यवस्थित तरीके से इस बात का प्रचार कर रहे हैं कि वे अत्यंत पिछड़ी जाति से आते हैं। अपनी जाति बताने के साथ साथ वे अपनी सरकार में पिछड़ी जातियों, दलित व आदिवासियों का प्रतिनिधित्व बढ़ाते गए हैं। साथ ही इसकी जानकारी भी सार्वजनिक रूप से देते गए हैं। सो, अत्यंत पिछड़ी जातियों के बीच यह मैसेज गया है कि मोदी ने उनको सत्ता में हिस्सेदारी दी है। दूसरा कारण राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ द्वारा जमीनी स्तर पर किया गया काम है। बिहार, उत्तर प्रदेश या कुछ और हिंदी भाषी राज्यों में पिछले 10 साल में गैर यादव जिन जातियों का उभार देखने को मिला है उसके पीछे कहीं न कहीं संघ और भाजपा की मेहनत है। बिहार और उत्तर प्रदेश में निषाद नेताओं का उभार इसकी मिसाल है। इसके अलावा कुर्मी, कोईरी, राजभर जैसी जातियों की पार्टियां बनी हैं और इन समाजों में सत्ता में हिस्सेदारी की ललक पैदा हुई है। ओबीसी की कमजोर जातियों को ध्यान में रख कर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से साढ़े 13 हजार करोड़ रुपए के विश्वकर्मा योजना की घोषणा की। इसका लाभ लोहार, बढ़ई, नाई, चर्मकार जैसे सामाजिक व आर्थिक रूप से अत्यंत पिछड़ी जातियों को मिलेगा। सो, भाजपा अत्यंत पिछड़ी जातियों में अपनी पकड़ मजबूत बनाने का प्रयास कर रही है।

देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस इस राजनीति का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है। इसका कारण यह है कि पिछड़ी जातियों के बीच कांग्रेस अपना आधार पिछले दो दशक से खोती जा रही है। उसका यही आधार प्रादेशिक पार्टियों को गया है, जो आज उसकी सहयोगी हैं। यह कमाल का विरोधाभास है। मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद भी कांग्रेस को 1996 तक अन्य पिछड़ी जातियों का एक चौथाई यानी 25 फीसदी वोट मिलता रहा था। लेकिन अब वह घट कर 13-14 फीसदी रह गया है। यह सही है कि कांग्रेस को यह वोट बहुत कम मिलता है और भाजपा ने इसमें अपना आधार बढ़ाया है लेकिन कई राज्यों में यह अब भी प्रादेशिक पार्टियों का मजबूत वोट आधार है। हालांकि 2019 आते आते इस वोट में प्रादेशिक पार्टियों को भी नुकसान हुआ है। बिहार, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में मजबूत पिछड़ी जातियों का समर्थन प्रादेशिक पार्टियों के साथ रहा है लेकिन मझोली और निचली पिछड़ी जातियों का लगभग आधा वोट भाजपा को चला गया है। ध्यान रहे कुल आबादी में 30 फीसदी अत्यंत पिछड़ी जातियां हैं। यानी पिछड़ी आबादी में आधे से ज्यादा हिस्सा उनका है।

इनमें भाजपा ने अपना मजबूत आधार बनाया है। समूचे हिंदी भाषी क्षेत्र में बिहार एकमात्र राज्य है, जहां नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का अत्यंत पिछड़ी जातियों में मजबूत आधार है। यही कारण है कि भाजपा को बिहार में नीतीश की जरूरत महसूस होती रहती है। अब गैर यादव दूसरी जातियों के नेताओं के साथ लेकर भाजपा वहां स्वतंत्र रूप से अपना वोट आधार बढ़ाने की कोशिश कर रही है लेकिन उसमें बहुत कामयाबी नहीं मिल पाई है। भाजपा को पता है कि उसे दबंग पिछड़ी जातियों की बजाय कमजोर पिछड़ी जातियों पर काम करना है। विपक्षी पार्टियां भी इसी समूह को लक्ष्य कर रही हैं। सो, यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन पहला दांव चलता है जस्टिस रोहिणी आयोग ने आंखें खोलने वाली रिपोर्ट दी है। उसने बताया है कि आरक्षण का पूरा लाभ दबंग पिछड़ी जातियों को मिला है। देश की 37 सौ जातियों में से नौ सौ से ज्यादा जातियां ऐसी हैं, जिनको एक भी नौकरी आरक्षण के तहत नहीं मिली। अगर इस रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार दायरा बढ़ा कर अत्यंत पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण के भीतर आरक्षण करे तो वह बड़ा दांव होगा। विपक्षी पार्टियों को उससे पहले अपना दांव चलना होगा।

# सीरिया गवाह है एक शासक से देश बरबादी का!

//श्रुति व्यास//

**सीरिया में लंबे समय से अफरा-तफरी का माहौल है। वजह हैं युद्ध, भूकंप और एक ऐसा तानाशाह शासक जिसे दुनिया नापसंद करती है। सीरिया ने अपनी आबादी का एक बड़ा हिस्सा खो दिया है। जो लोग बचे हैं वे विरोध कर रहे हैं, विद्रोह कर रहे हैं ताकि उन्हें किसी भी तरह से राष्ट्रपति बशर अल-असद से छुटकारा मिले। और मुसीबतों से घिरी सीरिया की धरती पर समृद्धि और शांति की वापसी हो सके। दो हफ्ते पहले सरकार के कब्जे वाले दक्षिण सीरिया के इलाकों में विरोध प्रदर्शनों और हड़तालों का सिलसिला शुरू हुआ। वहां के दृश्य सन् 2011 में सीरिया में हुए जनप्रतिरोध (जिसे अरब स्प्रिंग कहा जाता है) की याद दिलाते हैं। इस बार जनता इसलिए सरकार के खिलाफ उठ खड़ी हुई है क्योंकि सब्सिडी खत्म होने से ईंधन के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। इससे पहले ही सालों से युद्ध और आर्थिक संकट झेल रहे सीरिया के लोगों की कमर टूट गयी है।**

विरोध प्रदर्शनकारी सीरिया के दक्षिणी शहर अस् सुवेदा में इकट्ठा हुए। उन्होंने शहर में आने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया। सीरिया में 2011 की बगावत के बाद से ही सुवेदा शहर और प्रांत सरकार के नियंत्रण में रहे हैं। यहा देश के द्रूस अल्पसंख्यकों की सबसे बड़ी आबादी रहती है। ऐसा बताया जाता है कि शहर के बीचोंबीच स्थित एक चौक में सैकड़ों लोग इकट्ठा हो रहे हैं और द्रूस झंडे लहराते हुए 'सीरिया जिंदाबाद' और 'बशर अल-असद मुर्दाबाद' के नारे लगा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के अनुसार असद के खिलाफ गुस्से और उनके शासन से निराशा की लहर पूरे इलाके में फैल रही है। एएफपी के संवाददाता के अनुसार डारा प्रांत में स्थित बुसरा अल-शाम शहर में दर्जनों लोग खुलकर असद के राज के अंत की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

प्रदर्शनकारी वही नारे लगा रहे हैं जो 2011 में अरब स्प्रिंग में इस्तेमाल किए जाते थे जनता सरकार का पतन चाहती हैं और सीरिया हमारा है असद के परिवार की बपौती नहीं है'। दारा प्रांत से ही 2011 के विद्रोह की शुरूआत हुई थी। इस विद्रोह को असद ने बेरहमी से कुचला था। इसके नतीजे में जो गृहयुद्ध शुरू हुआ वह पिछले एक दशक से जारी है। इसमें कम से कम पांच लाख लोग मारे जा चुके हैं और इससे भी बड़ी संख्या में बेघर हो गए हैं। सुवेदा में लोगों के हाथों में प्लेकार्ड हैं जिनमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव का हवाला दिया गया है जिसमें सीरिया में एक अस्थायी सरकार की स्थापना की मांग की गई है। वे उन हजारों लोगों की रिहाई की मांग भी कर रहे हैं जिन्हें सीरिया के सुरक्षा बलों ने 12 साल पहले देश में हुए विद्रोह के बाद से अज्ञात स्थानों पर कैद करके रखा है। अमेरिका ने प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया है। अमेरिका की संयुक्त राष्ट्रसंघ में राजदूत लिंडा थामस-ग्रीनफील्ड ने कहा ''सीरिया के लोग हमारे पूर्ण समर्थन के पात्र हैं । सीरिया में जर्मनी के विशेष दूत स्टीफन श्नेक ने सोशल मीडिया पर प्रदर्शनकारियों के 'साहस' की तारीफ की और सरकार से कहा कि वह उन्हें कुचलने के लिए हिंसा का इस्तेमाल न करे। पिछले कुछ सालों में देश में हिंसा में कमी आने के बावजूद सीरिया की सरकार उन इलाकों का पुनर्निर्माण नहीं करवा सकी है जिन पर उसने फिर से नियंत्रण कायम कर लिया है। लोगों की आर्थिक समस्याएं बहुत बढ़ी हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने जून में कहा था कि सीरिया में बारह साल से चल रहे संघर्ष ने देश की 90 प्रतिशत आबादी को गरीबी की रेखा के नीचे धकेल दिया है। खाने-पीने की चीज़ों के दाम बढ़ रहे हैं और बिजली और ईंधन की सप्लाई में भारी कमी की गयी है. इस साल की गर्मियों में सीरियाई पौंड की कीमत में ऐतिहासिक गिरावट आई। काला बाज़ार में 15,000 सीरियाई पौंड के बदले एक डॉलर मिल रहा था। पिछले साल की तुलना में इसकी कीमत एक-तिहाई रह गई है। सरकार वेतन बढ़ाती जा रही है और ब्रेड व पेट्रोल पर सब्सिडी उसे बहुत महँगी पड़ रही है। परन्तु असद के खिलाफ गुस्से की लहर बार-बार उठने के कारण केवल आर्थिक नहीं हैं। परन्तु असद पर इसका कोई असर नहीं है। सीरिया का यह तानाशाह यदि आज भी अपने पद पर जमा हुआ है तो उसका कारण है सन 2015 में व्लादिमीर पुतिन द्वारा सीरिया में किया गया सैनिक हस्तक्षेप. असद, जिन्होंने अपने ही लोगों के खिलाफ रसायनिक हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्होंने बेरहमी से लोगों को कत्ल किया और शहरों को बर्बाद किया और जिन्हें किसी अंतर्राष्ट्रीय अदालत के सामने मुलजिम के रूप में खड़ा रहना चाहिए था, वे अरब देशों के साथ दोस्ती गाँठ रहे हैं। परन्तु अंतर्राष्ट्रीय मंच पर वापसी के उनके प्रयासों के साथ-साथ लोग फिर से सड़कों पर उतर आये हैं। वे दुनिया को यह संदेश दे रहे हैं कि असद की सीरिया पर पकड़ अब भी कमज़ोर है और देश में गंभीर आर्थिक संकट है। अगर विरोध प्रदर्शन, दक्षिण सीरिया के बाहर फैलते हैं तो सीरिया दुनिया के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन जाएगा।

## बदहाली गिग वर्कर्स की


साल 2019 से 2022 के बीच गिग वर्कर्स की वास्तविक आमदनी में ठोस गिरावट आई। यह गिरावट औसतन 10.4 प्रतिशत रही। इसके पीछे दो प्रमुख वजहें हैः बढ़ी आम महंगाई और तेल की ऊंची कीमत। ये श्रमिक वैसे भी बाकी वर्कर्स से कम ही कमा पाते हैं। वैसे तो भारत के आज के राजनीतिक विमर्श में श्रमिक वर्ग ही गायब है, लेकिन उनके बीच भी गिग वर्कर्स तो कुछ ज्यादा ही हाशिये पर हैं। इसलिए नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकॉनमिक रिसर्च (एनसीएईआर) और सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने इन श्रमिकों के बारे में अध्ययन किया, इसके लिए उनकी प्रशंसा की जाएगी। एनसीएईआर का अध्ययन 2019 से 2022 के बीच इन श्रमिकों की वास्तविक आमदनी में आई ठोस गिरावट के बारे में है। निष्कर्ष है कि इस अवधि में इन श्रमिकों की आमदनी में औसतन 10.4 प्रतिशत गिरावट आई। इस गिरावट की दो प्रमुख वजहें हैः बढ़ी आम महंगाई और तेल की ऊंची कीमत। चूंकि गिग वर्कर्स- चाहे वो टैक्सी ड्राइवर हों या घर-घर सामान पहुंचाने वाले कर्मी- उन्हें अपने वाहन के रखरखाव का खर्च खुद ही उठाना पड़ता है, इसलिए तेल की महंगाई सीधे तौर पर उनकी आमदनी को कम कर देती है। नतीजा यह हुआ कि 2019 में रोजाना 11 घंटों तक काम करने वाले गिग वर्कर्स की औसत वास्तविक आमदनी जहां 13,470 रुपये थी, वह 2022 में 11,963 रुपये रह गई। छोटे शिफ्ट यानी रोज पांच घंटों तक काम करने वाले ऐसे श्रमिकों की वास्तविक आय औसतन 7,999 रुपये से गिर कर 7,157 रुपये रह गई। यहां एक दूसरे अध्ययन का निष्कर्ष भी जरूर ध्यान में रखना चाहिए कि एक औसत गिग वर्कर आम शहरी पुरुष मजदूर की तुलना में कम कमा पाता है। एक निजी यूनिवर्सिटी की तरफ से गिग-पल्स शीर्षक से जारी रिपोर्ट के मुताबिक इन दोनों तरह के श्रमिकों की मासिक कमाई में औसतन तीन हजार रुपये का फर्क है। केंद्र सरकार के पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे 2022 से सामने आया था कि लगभग 74 प्रतिशत गिग वर्कर कोई बचत नहीं कर पाते हैं। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक देश में गिग वर्कर्स की संख्या 80 लाख से ज्यादा हो चुकी है।

## तस्वीरों की दुनिया



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुंबई में एक बैठक के बाद भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (आई.एन.डी.आई.ए.) की प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।


केंद्रीय मंत्री अमित शाह, अनुराग सिंह ठाकुर और मीनाक्षी लेखी नई दिल्ली में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए।


गांधी स्मृति के उपाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की तैयारी के लिए गांधी दर्शन संग्रहालय में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा को स्थानांतरित करते हुए।


दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी नई दिल्ली में वायु सेना स्टेशन, पालम तकनीकी क्षेत्र में आईएएफ लिगेसी पार्क के उद्घाटन में शामिल हुए।


दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने नई दिल्ली के यक्षिणी चौक पर तीन दीदारगंज यक्षी मूर्तियों का अनावरण किया।


जया वर्मा सिन्हा ने नई दिल्ली में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ के रूप में पदभार ग्रहण किया।


पुलिस कर्मियों ने गुवाहाटी के सिलसाको बील में गुवाहाटी मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के बेदखली अभियान के खिलाफ प्रदर्शन कर रही एक स्थानीय महिला को गिरफ्तार किया।

# आईएनडीआईए में जातीय जनगणना पर दिखी रार ममता के एतराज ने टाला विपक्षी गठबंधन का संकल्प




**मुंबई, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

विपक्षी आईएनडीआईए की मुंबई में हुई तीसरी बैठक के दौरान जातीय जनगणना कराने की पैरोकारी का संकल्प तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के एतराज के कारण पारित नहीं सका। कांग्रेस के पूरे समर्थन के साथ नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के जातीय जनगणना की तगड़ी तरफदारी के बीच ममता बनर्जी ने इस मुद्दे से जुड़े सामाजिक-राजनीतिक पहलुओं को जिक्र करते हुए इस पर अभी और व्यापक चर्चा की राय जाहिर की और कई सवाल उठाए। इस वजह से आईएनडीआईए को मुंबई बैठक में जातीय जनगणना पर संकल्प प्रस्ताव का इरादा त्यागना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, आईएनडीआईए के मिलकर चुनाव लड़ने के चुनावी संकल्प और इसरो के चंद्रयान-तीन की सफलता से जुड़े प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित करने में कोई किंतु-परंतु सामने नहीं आया, लेकिन जातीय जनगणना से जुड़े संकल्प पारित करने की बात उठी तो ममता ने इसे जुड़े संवेदनशील राजनीतिक-सामाजिक पहलु का सवाल उठाया। सूत्रों ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल ने जाति जनगणना की मांग का संकल्प पारित करने पर जोर दिया, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने इसका विरोध किया। दीदी ने कहा कि जातीय जनगणना की प्रक्रिया होगी, तो अल्पसंख्यकों की ओबीसी में संख्या स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी और ऐसे में भाजपा इसे धार्मिक रंग देकर विवाद पैदा करने की कोशिश करेगी। पश्चिम बंगाल में ओबीसी में अल्पसंख्यकों की संख्या में इजाफे की संभावना जताते हुए इस पहलु पर और अधिक चर्चा की जरूरत बताई।बताया जाता है कि ममता ने यह भी कहा कि समन्वय समिति और चुनाव रणनीति समिति का गठन हो गया है। ऐसे में जातीय जनगणना के राजनीतिक-सामाजिक पहलुओं का अधिक व्यापक विश्लेषण कर अंतिम राय बनाई जाए। नीतीश और लालू को आश्वस्त करने के लिहाज से यह भी कहा कि इस पर अभी और मंत्रणा की उनकी बात का अर्थ यह नहीं कि वे जातीय जनगणना के विरोध में हैं बल्कि उनका लक्ष्य सामाजिक और राजनीतिक सतर्कता है। दीदी के इन तर्कों के बाद जातीय जनगणना का संकल्प पारित करने का इरादा छोड़ दिया गया। दिलचस्प यह है कि बेंगलुरू में हुई आईएनडीआईए की दूसरी बैठक में पारित सामूहिक संकल्प में विशेष रूप से जाति जनगणना कराए जाने का अह्वान करते हुए कहा गया था कि सभी सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए निष्पक्ष सुनवाई की मांग के पहले कदम के रूप में जाति जनगणना लागू की जाए। बिहार में नीतीश सरकार जातीय जनगणना करा रही है और सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाने की मांग खारिज कर दी है।

# कैपिटल हिल हिंसा मामले में प्राउड ब्वायज के दो नेताओं को सजा, 600 से अधिक दोषियों पर हुई कार्रवाई



**वाशिंगटन, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

अमेरिका के संसद भवन कैपिटल हिल हिंसा मामले में प्राउड ब्वायज के दो नेता जोसेफ बिग्स और जेचरी रेहल को गुरुवार को सजा सुनाई गई। जज टिमोथी केली ने प्राउड ब्वायज के संचालक बिग्स को 17 साल और एक अन्य नेता रेहल को 15 साल की सजा सुनाई है।धुर दक्षिणपंथी संगठन प्राउड ब्वायज के पूर्व अध्यक्ष एनरिक टैरियो को अगले सप्ताह मंगलवार को सजा सुनाई जाएगी। अभियोजन पक्ष ने कहा कि टैरियो के लिए 33 साल जेल की सजा की मांग की गई है। बिग्स ने हमले के दौरान कैपिटल में लगे सुरक्षा बाड़ को तोड़ दिया और संसद भवन में घुसकर सीनेट कक्ष में बैठ गया था।मालूम हो कि अमेरिकी लोकतंत्र पर हुआ यह हमला ट्रंप के झूठ से प्रेरित था। यह हमला तब हुआ जब ट्रंप ने अपने समर्थकों को कैपिटल हिल पर चढ़ाई कर नवंबर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव नतीजे को पलट देने का आह्वान किया था।साल 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हार के बाद टैरियो और उनके समर्थकों ने छह जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद कैपिटल हिल पर हमला किया था। इस दिन को अमेरिकी इतिहास में एक काले दिन के तौर पर याद किया जाता है। इस मामले में अभी तक 600 से अधिक दोषियों को सजा सुनाई गई है। कैपिटल हिल हिंसा मामले में अभी तक 1,100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

उनमें से 630 से अधिक ने अपना दोष स्वीकार कर लिया है। हालांकि, प्राउड बॉयज के पूर्व अध्यक्ष एनरिक टैरियो को अगले सप्ताह 5 सितंबर को सजा सुनाई जाएगी। वहीं, सरकार ने उसके लिए कम से कम 33 साल की सजा की मांग की है।

## दक्षिण अफ्रीका में पुलिस और लुटेरों के बीच भीषण गोलीबारी, 90 मिनट में 18 ढेर, कैश वैन पर थी नजर



**जोहान्सबर्ग, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

दक्षिण अफ्रीका में भीषण गोलीबारी की घटना देखने को मिली है। लिम्पोपो प्रांत में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान अठारह संदिग्ध लुटेरों की गोली मारकर हत्या कर दी है। जानकारी के अनुसार ये लुटेरे बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले थे। दक्षिण अफ्रीका के उत्तरी प्रांत मखादो में राष्ट्रीय पुलिस आयुक्त फैनी मासेमोला ने कहा कि संदिग्ध कथित तौर पर कैश-इन-ट्रांजिट (कैश वैन) को लूटने वाले थे। कैश वैन की डकैती की योजना बनाने वाले ये अपराधी अन्य प्रांतों में इसी तरह के अपराधों के लिए जिम्मेदार थे। हमें विश्वास है कि यह सिंडिकेट इस प्रांत के अलावा म्पुमलंगा और गौतेंग में कई कैश वैन की लूट में शामिल रहा है।

# नीतीश कुमार ने फिर जताई समय से पहले लोकसभा चुनाव की आशंका, केंद्र के इस कदम पर I.N.D.I.A. को चेताया

**पटना, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि लोकसभा सत्र बुलाने का मतलब ही यही है कि केंद्र सरकार जल्दी चुनाव कराने के चक्कर में है।जाति आधारित गणना नहीं कराई और ना ही जनगणना करा रहे हैं। इसे तय समय से तीन साल से अधिक हो गए हैं। संसद में तो इन सब बातों को प्रमुखता से उठाना चाहिए। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष की जितनी पार्टियां एकजुट हुई हैं, उसका परिणाम यह होगा कि अभी जो केंद्र में हैं, वह हारेंगे और जाएंगे। आईएनएनडीआई की बैठक में इस पर चर्चा भी है। मुंबई में हुई बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के क्रम में उन्होंने यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई की बैठक में बहुत ही अच्छे ढंग से सभी विषयों पर बात हुई है। अब हमलोग नियमित रूप से जगह-जगह जाकर प्रचार-प्रसार का काम करते रहेंगे। केंद्र की सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे लोग कोई काम नहीं कर रहे पर उनकी बड़ाई हो रही है। राज्यों में काफी काम हो रहे हैं, पर उनकी चर्चा नहीं होती।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश के इतिहास को बदलना चाहती है, पर हमलोग इतिहास को बदलने नहीं देंगे।

समाज के सभी तबके का उत्थान होगा। किसी की उपेक्षा नहीं होगी। वे लोग हिंदू-मुस्लिम कराने की बहुत कोशिश करते रहते हैं। प्रयास है कि इधर-उधर हो जाए, लेकिन देश तो सभी का है। लोग इस बात को समझते हैं।

## वायु गुणवत्ता को लेकर प्रशासन अभी से सख्त, एनसीआर के थर्मल प्लांट्स को 5 से 10 फीसद पराली खपाने के दिए निर्देश



**नईदिल्ली, 02 सितम्बर ।**

पंजाब, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में पराली जलाने का समय पास आते देख वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग हरकत में आ गया है। तीनों राज्यों, नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) एवं एनसीआर के सभी थर्मल पावर प्लांटों को निर्देश दिए गए हैं कि वह ईंधन के तौर पर 10 प्रतिशत तक अनिवार्य रूप से पराली का इस्तेमाल करें, जो प्लांट इसका पालन नहीं करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि अक्टूबर की शुरुआत से ही पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएं सामने आने लगती हैं। यह सिलसिला नवंबर मध्य तक अर्थात करीब डेढ़ माह तक चलता है। बड़ी संख्या में जलाई जाने वाली पराली के चलते इसका धुआं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर छा जाता है और हवा को काला करता है। पराली जलाने की घटनाएं रोकने के लिए पिछले कुछ वर्षों से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। पहले की तुलना में इनमें कमी आई भी है, लेकिन अभी लंबा सफर तय करना शेष है। इसी क्रम में सीएक्यूएम ने दिल्ली के 300 किलोमीटर के दायरे में मौजूद सभी थर्मल पावर प्लांटों को पांच से दस प्रतिशत तक ईंधन के तौर पर पराली का प्रयोग करने को निर्देश पुनः जारी किया है। इस दायरे में 11 प्लांट हैं, जो कोयला आधारित हैं।

इनमें से खासतौर पर हरियाणा के तीन और पंजाब के चार प्लांट ऐसे हैं, जहां पर ईंधन रूप में पराली का प्रयोग किए जाने की बहुत ज्यादा जरूरत है। सीएक्यूएम के सदस्य सचिव अरविंद नौटियाल की ओर से इस संबंध में उक्त सभी हितधारकों को पत्र लिखा गया है। इस पत्र में जलाए जाने वाले पराली पैलेट में नमी की मात्रा 14 प्रतिशत से कम होने और इसकी कैलोरिफिक वैल्यू 2800 से 3400 कैलोरी प्रति किग्रा तक रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, जबकि थर्मल प्लांटों को इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा गया है।

# आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दासका दुनिया में बजा डंका, बेस्ट बैंकर चुने गए, पीएम मोदी बोले- भारत के लिए गर्व का क्षण



**मुंबई, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दुनियाभर में भारत का परचम लहरा दिया है। अमेरिकी ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने शक्तिकांत को विश्व स्तर का शीर्ष केंद्रीय बैंकर का स्थान दिया है। ग्लोबल फाइनेंस की रिपोर्ट में उन्हें ए+ रेटिंग दी गई है। पीएम मोदी ने भी शक्तिकांत दास को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बैंकर की रेटिंग मिलने पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए गर्व का क्षण है, जो वैश्विक मंच पर हमारे वित्तीय नेतृत्व को दर्शाता है। पीएम ने कहा कि शक्तिकांत दास का समर्पण और दृष्टिकोण हमारे देश के विकास पथ को मजबूत करना जारी रखेगा। दास को उन तीन केंद्रीय बैंक गवर्नरों की सूची में शीर्ष पर रखा गया है, जिन्हें ए+ रेटिंग दी गई है। एक्स (पूर्व ट्विटर) पर आरबीआई ने दास को बधाई देते हुए कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि गवर्नर शक्तिकांत दास को ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड 2023 में ए+ रेटिंग दी गई है। ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड 2023 के अनुसार, ए+ ग्रेड अर्जित करने वाले बैंक गवर्नरों में भारत के शक्तिकांत दास, थॉमस जे. जॉर्डन (स्विट्जरलैंड), गुयेन थी होंग (वियतनाम) हैं।

1994 से ग्लोबल फाइनेंस द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड यूरोपीय संघ, पूर्वी कैरेबियाई सेंट्रल बैंक, सेंट्रल अफ्रीकी राज्यों के बैंक और 101 प्रमुख देशों के केंद्रीय बैंक गवर्नरों को ग्रेड देता है। ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका के अनुसार, ये रिपोर्ट मुद्रास्फीति नियंत्रण, आर्थिक विकास लक्ष्यों, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन में सफलता के लिए ग्रेड ए से एफ के पैमाने पर आधारित है।

## रंगदारी देने से किया मना तो कारोबारी का किया अपहरण लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का बदमाश अब खाएगा जेल की हवा



**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कुख्यात बदमाश अंजीत को गिरफ्तार किया है। बदमाश हरियाणा के सोनीपत जिले का रहने वाला है। इस पर लूटपाट, हत्या, रंगदारी समेत 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं।इस वर्ष फरवरी में करनाल में रंगदारी नहीं देने पर एक कारोबारी का बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण कर लिया था। इस मामले में पुलिस की कार्रवाई के दौरान वह फरार हो गया था। पुलिस ने बदमाश के पास से एक पिस्टल बरामद की है।विशेष आयुक्त हरगोविंद सिंह धालीवाल के अनुसार, डीसीपी राजीव रंजन के देखरेख में एसीपी वेद प्रकाश, इंस्पेक्टर मनदीप और जयवीर की टीम ने अंजीत को रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि अंजीत ड्रग्स तस्करी के मामले में जेल गया था। वहां वर्ष 2016 में वह अनमोल बिश्नोई, गोल्डी बराड़ के करीबी मोनू डागर के संपर्क में आया।जेल से बाहर आने के बाद वह फेसबुक के जरिए मोनू डागर के संपर्क में रहा और मोनू डागर के जरिए वह अनमोल बिश्नोई और गोल्डी बराड़ के संपर्क में आया। जनवरी 2023 में उसे अनमोल बिश्नोई द्वारा जबरन वसूली के लिए करनाल में एक कारोबारी का अपहरण करने का काम सौंपा गया था, लेकिन योजना विफल हो गई उसके साथियों को पुलिस ने पानीपत में पकड़ लिया।इस दौरान वह भागने गया था। हाल में गोल्डी बराड़ ने अंजीत को गुरुग्राम में एक कारोबारी की रेकी करने का भी काम सौंपा था। फिलहाल पुलिस बदमाश से पूछताछ कर रही है।

# चीन के सामने नए नक्शे का मुद्दा उठाएंगे पीएम प्रचंड कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख को बताया भारतीय क्षेत्र



**काठमांडू, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड आगामी बीजिंग यात्रा के दौरान चीन द्वारा जारी नए नक्शे का मुद्दा उठाएंगे। चीन के नए नक्शे में कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख को भारतीय क्षेत्र के रूप में दर्शाया गया है। सीपीएन-माओवादी सेंटर के एक वरिष्ठ नेता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।सीपीएन-माओवादी सेंटर के प्रवक्ता अग्नि सप्कोटा ने कहा कि चीन द्वारा इसी सप्ताह जारी नक्शे से संबंधित मुद्दा कूटनीतिक चैनल के माध्यम से उठाए जाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री प्रचंड 15 सितंबर को पहले अमेरिका और उसके बाद चीन की यात्रा के लिए रवाना होंगे। चीन यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री एवं पार्टी चेयरमैन प्रचंड चीनी नेतृत्व के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। नेपाल द्वारा 2020 में जारी नए राजनीतिक मानचित्र के बाद नई दिल्ली और काठमांडू के बीच कई बार संबंधों में तनाव आया। नेपाली नक्शे में तीन भारतीय क्षेत्रों लिंपियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख को नेपाल का हिस्सा दर्शाया गया है। उसी वर्ष तत्कालीन राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने देश के नए राजनीतिक मानचित्र को लेकर संविधान संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे।भारत के बाद अब अमेरिका, यूरोप, जापान, आस्ट्रेलिया समेत कई देश चीन की इस योजना का ठीक उसी आधार पर विरोध करते हैं जिस आधार पर भारत करता है। फिलीपींस के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार (31 अगस्त, 2023) को एक विस्तृत बयान जारी कर कहा है कि चीन की तरफ से फिलीपींस के ऊपर चीन की अपनी संप्रभुता व कानून लागू करने की ताजी कोशिश का कोई कानूनी आधार नहीं है। फिलीपींस ने चीन को याद दिलाया है कि उसे इस बारे में संयुक्त राष्ट्र के संबंधित आदेश (वर्ष 2016) का पालन करना चाहिए और उत्तरदायित्व से काम लेना चाहिए। दरअसल, पहले ही समुद्री मामले में संयुक्त राष्ट्र के तहत हुए समझौते के तहत पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की विस्तारवादी नीतियों को खारिज किया जा चुका है। चीन इस बारे में आदेश का पालन नहीं करता है।

## नीतीश कुमार ने रखी विपक्षी एकता की नींव : अशोक चौधरी

**पटना।** भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता की नींव रखी है। आज जो आईएनडीआईए दिख रहा वह मुख्यमंत्री की पहल का ही नतीजा है।जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के क्रम में उन्होंने यह बात कही। भवन निर्माण मंत्री ने कहा कि जहां तक उनके ओईएनडीआईए के संयोजक बनने का प्रश्न है वह इस बारे में कई बार अपनी बात रख चुके हैं। मुख्यमंत्री अपने लिए किसी भी पद को इच्छुक नहीं है। केंद्र द्वारा संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि सरकार किस एजेंडे पर विशेष सत्र को बुला रही है, उसकी अभी पुख्ता जानकारी नहीं है। इसे लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

## चार राज्यों में एनआईए की छापेमारी, आतंकी संगठनों में भर्ती से जुड़े मामले में की गई कार्रवाई




**नई दिल्ली।** देश में आतंक फैलाने के लिए अल-कायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट (एक्यूआइएस) और तहरीक ए तालिबान द्वारा युवाओं की भर्ती करने और उन्हें कट्टरपंथी बनाने की साजिश के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण बरामदगियां की। ये बरामदगियां चार राज्यों- महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में कई छापों के दौरान की गईं। महाराष्ट्र में तीन स्थानों और अन्य तीन राज्यों में एक-एक स्थान पर तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण बरामद किए गए। साजिश में शामिल लोगों का पता लगाने और दोनों आतंकी संगठनों की गैरकानूनी व कट्टरपंथी योजनाओं एवं अभियानों के जरिये देश को अस्थिर करने की उसकी कोशिशों को विफल करने के लिए एनआईए इन उपकरणों की जांच कर रही है।ये छापे इन प्रतिबंधित संगठनों द्वारा पहले भर्ती किए गए दो आरोपितों के विरुद्ध अप्रैल, 2023 में दर्ज मामले में एनआइए जांच का हिस्सा थे। दोनों अफगानिस्तान में जमीन खरीदने के लिए विदेश में धन हस्तांतरण सहित आतंक से जुड़ी गतिविधियों में शामिल थे।

# जी-20 से पहले डीएमआरसी ने भी कसी कमर, मेट्रो के महिला कोच में पुरुष यात्री सफर करते पाए गए तो...



**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

जी-20 शिखर सम्मेलन को ध्यान में रखकर मेट्रो स्टेशनों को सजाने-संवारने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई जा रही है। इसी कड़ी में महिला कोच में पुरुष यात्रियों का प्रवेश रोकने के लिए दस दिनों का विशेष अभियान शुरू किया गया है। सुबह छह से रात नौ बजे तक मेट्रो ट्रेन में औचक निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) का कहना है कि 10 सितबंर तक चलने वाले अभियान के परिणाम की समीक्षा कर इसे आगे बढ़ाया जाएगा। डीएमआरसी के कर्मचारियों के साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और दिल्ली मेट्रो रेल पुलिस (डीएमआरपी) के जवान इस अभियान में शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि महिला यात्रियों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए यह कदम उठाया गया है।महिला कोच के साथ ही अन्य कोच और स्टेशनों पर भी जांच की जाएगी, जिससे महिलाओं के साथ होने वाले अपराध को रोका जा सके। इस अभियान के बाद भी औचक निरीक्षण होता रहेगा। दिल्ली मेट्रो में हाल ही में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़े हैं। दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर सफर करने के दौरान एक नाबालिग लड़के के सामने एक शख्स ने गंदी और घिनौनी हरकत को अंजाम दिया। इस घटना के बाद नाबालिग लड़की अपना सफर पूरा करने से पहले ही अगले ही मेट्रो स्टेशन पर उतर गई थी। इस घटना के बाद मेट्रो में सफर करने वाले अन्य लोगों ने शख्स को दबोचकर पुलिस के हवाले किया, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हो गई है। इस मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज की थी। दिल्ली मेट्रो में यह घटना रक्षाबंधन के दिन ही घटी थी। इस घटना के बाद दिल्ली मेट्रो में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

## कलयुगी बेटे की घिनौनी हरकत, अपाहिज मां से तंग आकर कर दी हत्या, गिरफ्तार

**नागपुर, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

नागपुर में कलयुगी बेटे की घिनौनी हरकत सामने आई है। एक व्यक्ति ने अपनी बीमार और अपाहिज 50 वर्षीय मां की हत्या इसलिए हत्या कर दी क्योंकि उसे उनकी सेवा करनी न पड़े। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। यशोधरा नगर पुलिस थाने के अधिकारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि अनिकेत मेश्राम (25) नाम के व्यक्ति ने गुरुवार शाम को दुर्गा मेश्राम की गर्दन और गाल पर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि दुर्गा मेश्राम को मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि जैसी बीमारियां भी थी। वह कुछ सालों से बिस्तर पर हैं और बोलने में असमर्थ हैं। पुलिस ने बताया कि अंकित एक चित्रकार है और मां का ख्याल रखने वाला अकेला है। अधिकारी ने बताया कि अंकित मां की हत्या करने के बाद घटना स्थल से भाग गया था।

## आर माधवन बने एफटीआईआई के नए अध्यक्ष, अभिनेता बोले- उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा

**नई दिल्ली।** अभिनेता और फिल्म निर्माता आर माधवन को मोदी सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। माधवन को भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले फिल्म निर्माता शेखर कपूर इसके अध्यक्ष थे और 3 मार्च 2023 को उनका कार्यकाल खत्म हो गया था। माधवन को नई जिम्मेदारी देने की जानकारी साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अभिनेता को बधाई दी। अनुराग ठाकुर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, FTIIOfficial के नए अध्यक्ष और उसकी गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष आर माधवन को हार्दिक बधाई। मुझे यकीन है कि आपका विशाल अनुभव और आपकी नैतिकता इस संस्थान को समृद्ध बनाएगी, सकारात्मक बदलाव लाएगी। मंत्री के पोस्ट के बाद आर माधवन ने भी जवाब दिया और कहा, अनुराग जी, सम्मान और शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

सार्वजनिक स्थल पर मंच लगा डॉ. विनय ने की प्रेस वार्ता, जारी किया भाजपा मण्डल अध्यक्ष एवं कोल माफिया के बातचीत का ऑडियो क्लिप

# कोल माफियाओं सहित अवैध कारोबारियों को संरक्षण के साथ पैसों के लेनदेन की पूर्ण संलिप्ता में पूर्व विधायक एवं भाजपा का चिरमिरी मंडल: डॉ.विनय

## एलसीडी लगा पुरे शहर में दो बोतल शराब के साथ एक लाख रुपए लेने देने वाले ऑडियो क्लिप का हुआ प्रसारण



**चिरमिरी।** मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने हल्दीबाड़ी के पंजाब नेशनल बैंक के पास गुरुवार की संध्या पत्रकार वार्ता कर स्थानीय भाजपा के चिरमिरी मण्डल अध्यक्ष रघुनंदन यादव एवं पूर्व मंडल महामंत्री राजेश सिंह उर्फ़ मुन्नू सिंह का एक ऑडियो क्लिप जारी करते हुए भाजपा नेताओं के ऊपर कोल माफिया से सांठगांठ कर उनसे बड़ी रकम की उगाही के साथ दो बोतल शराब की व्यवस्था लेने का बड़ा आरोप लगाया। आडियो क्लिप में भाजपा के चिरमिरी मण्डल अध्यक्ष रघुनंदन यादव साफ तौर पर कोयला माफिया से 2 लाख रुपये की मांग करते नजर आ रहे है । वही कोयला माफिया द्वारा पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को एक लाख रुपये का भुगतान कर देने की बात कही जा रही है । इसी आडियो क्लिप में भाजपा के मण्डल महामंत्री उक्त कोल माफिया से दो बोतल शराब की भी मांग करते हुए नजर आ रहे है।

इस आडियो क्लिप के जारी होने के बाद से पूरे मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में हड़कंप मच गया है। कल तक जो भाजपा के नेता कांग्रेस के विधायक के ऊपर खुलेआम भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे थे। उनके द्वारा हिंदू धर्म में सावन पर्व जो महादेव शिव का माह माना जाता है में वर्तमान विधायक की बारात तक निकाली थी. अब वे ही भाजपा नेता इस मुद्दे पर मुह छिपाते फिर रहे है और कोई भी बयान देने से बच रहे है । इस ऑडियो क्लिप में साफ तौर पर देखा जा रहा है की बात चीत करने वाले दोनों व्यक्ति कौन है। कहा के है। चिरमिरी के लगभग सभी प्रचलित चौक चौराहो से लेकर हर पान ठेले , चाय की दुकान सार्वजनिक स्थल में आने जाने और रहने वाला व्यक्ति इस बात को बखूबी जानता है की इस ऑडियो क्लिप में बात करने वाले किस व्यक्ति की आवाज है वह शहर के किस व्यक्ति से मेल खा रही है। इस ऑडियो क्लिप में स्वयं वर्तमान भाजपा मंडल के अध्यक्ष पूर्व विधायक श्यामबिहारी जायसवाल का नाम लेते दिख रहे है और वह खुद भाजपा मंडल को पैसे देने की बात कर रहे है। बहरहाल आगामी दो से तीन माह के पूर्व होने वाले विधानसभा चुनाव में... ऊठ..किस करवट बैठेगा ये तो पता नहीं पर कोल नगरी चिरमिरु में उसकी तस्करी कर अपने कपड़ो के साथ अपनी जेबौ में भी कालिक लगाने वाले बड़े- बड़े नेता अब अपना मुंह छुपाते फिर रहे है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की संध्या तक भाजपा चिरमिरी मंडल के ऊपर प्रदेश संगठन के द्वारा बड़ी कार्यवाई की हलचल से पुरे शहर में चर्चा का बाजार गर्म बना हुआ है अब देखना यह होगा की इस बड़े आरोप पर विपक्ष की भूमिका में बैठी भाजपा इस ऑडियो को झूठा या सच्चा साबित कर पाती है । या नही ..।

### बालिकाओं का विश्वास मजबूत करने पर भावना को अंतराष्ट्रीय सम्मान

**सूरजपुर।** सरगुजा व सूरजपुर जिले में पुलिस अधीक्षक पद पर रहते हुए 2000 आदिवासी बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुणों से परिपूर्ण कराने वाली आइपीएस भावना गुप्ता को बेहतर पुलिसिंग और सामाजिक कार्यों के लिए अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय पुलिसिंग संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ चीफ्स आफ पुलिस (आइएसीपी) ने आइएसीपी अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की है। आइपीएस भावना गुप्ता वर्तमान में छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले की पुलिस अधीक्षक हैं। अंतरराष्ट्रीय पुलिसिंग संस्था में विश्व के 165 देशों के पुलिस अधिकारी शामिल हैं। इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ चीफ्स आफ पुलिस की स्थापना 1893 में हुई थी। इसके पहले छत्तीसगढ़ के आइपीएस आरिफ शेख व संतोष सिंह को यह पुरस्कार मिल चुका है। भावना गुप्ता को यह पुरस्कार संयुक्त राज्य अमेरिका के सेंडियागो शहर में इसी साल 17 अक्टूबर को प्रदान किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय या उच्च अधिकारी की अनुशंसा और उन्हीं के आवेदन पर ही इस पुरस्कार के लिए चयन किया जाता है।पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता छत्तीसगढ़ की पहली महिला आइपीएस हैं जिन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## साथी परियोजना अंतर्गत जिला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

**सूरजपुर।** इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, अम्बिकापुर राज्य के स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठनों को उनके फसलों के उत्पादन से लेकर विपणन तक सहयोग प्रदान करने की दृष्टिकोण से भारत सरकार की एजेंसी नाफेड (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित) द्वारा साथी परियोजना तैयार की गई है। उक्त योजना को प्रदेश में संचालित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय को लीड एजेंसी एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम को सहायक एजेंसी बनाया गया है। योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु कृषि उत्पादन आयुक्त, कृषि विभाग की अध्यक्षता में राज्य शासन द्वारा राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिले में योजना अंतर्गत मिलेट कैफे एवं साथी बाजार स्थापना के लिए आवश्यक बजट, स्थल चयन, एफपी.ओ. एवं स्वयं सहायता समूह एवं उनके व्यवसाय का चयन, कार्य की समीक्षा एवं मार्गदर्शन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। विगत दिवस अपराह्न 4:00 बजे कलेक्टर की अध्यक्षता समिति के सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत की उपस्थिति में जिला प्रबंधन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में फीफा नाफेड से मनीष साहू, इं.गां.कृ.वि, रायपुर से स्टेट साथी परियोजना नोडल अधिकारी डॉ. गजेन्द्र चंद्राकर, रा.मो.दे.कृ.महा.वि एवं अनु.केन्द्र, अम्बिकापुर के अधिष्ठाता डॉ. संतोष सिन्हा, कृषि विज्ञान केन्द्र, सरगुजा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख राजेश चौकसे, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, आजीविका मिशन, महिला बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों को यातायात नियमों को जानकारी दे रहा है पुलिस

**सूरजपुर।** पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने निर्देशन में सजग सूरजपुर अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न विषयों सहित नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुलिस के अधिकारी व जवान स्कूल और कालेज में पहुंचकर विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए स्कूली वाहन के चालकों को भी सुरक्षित आवागमन के लिए निर्देश दी जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस बीते दिन सरस्वती शिशु मंदिर सूरजपुर पहुंची। स्कूली बच्चों को समझाइश दी गई कि बगैर लाइसेंस दो पहिया वाहन नहीं चलाना चाहिए। वैध लाईविंग लायसेंस बनवाने के बाद ही दो पहिया वाहन चलाने, सड़क पर चलने के दौरान सावधानी बरतने। चौक चौराहों पर खड़े रहने वाले ट्रैफिक जवानों के इशारों पर नजर रखने ट्रैफिक नियमों को न तोड़ने की समझाइश दी गई। विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि जब तक वह वाहन चलाने की आयु पूरी नहीं कर लेते उनका लाइसेंस नहीं बन जाता और बिना बीमा के कोई भी वाहन चलाने से परेशानी बढ़ सकती है। स्कूल सहित शहर के स्कूली वाहनों के चालकों को बच्चों को सुरक्षित आवागमन को लेकर निर्देश दिए गए।स्कूली बच्चों ने सीखा यातायात नियम की जानकारी- यातायात के आरक्षक शशिकांत मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को बताया कि बस, कार, ट्रेन या अन्य वाहन में बैठने पर अक्सर बच्चे जिद करते हैं कि उन्हें खिड़की वाली सीट चाहिए, ताकि वे बाहर का नजारा देख सके, इस दौरान वे अपना हाथ भी खिड़की के बाहर निकालते है जो बेहद खतरनाक होता है, बच्चों को ऐसा ना करने, सड़क पर न दौड़ने, वाहन के ध्वनि पर ध्यान देने, सड़क पार करने से पहले सड़क के दाई व बाई तरफ देखे, सड़क पूरी तरह से साफ हो तो सावधानी के साथ सड़क पार करने की समझाईश दी।

## गुणवत्ता विहीन प्लेटफार्म तोड़ा गया

**सूरजपुर।** जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी ग्रामों में पाईप लाईन, टकी निर्माण एवं प्लेटफार्म निर्माण के कार्य वृहद रूप से किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों का सतत् मानीटरिंग विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ यूनिसेफ टीपीआई एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से भी सतत् रूप से किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम गजाधरपुर में मेसर्स रामनिवास के अनुबंध के अंतर्गत प्लेटफार्म निर्माण मानक अनुरूप नहीं पाये जाने पर निर्मित 20 से अधिक प्लेटफार्म को तोड़ा गया। जिसे ठेकेदार द्वारा पुन: निर्माण किया जा रहा है।

### स्कूली बच्चों ने किया ग्रामीण औद्योगिक पार्क पस्ता का भ्रमण

**सूरजपुर।** जिले के जनपद पंचायत रामानुजनगर के ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) पस्ता में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भ्रमण किया गया। पस्ता में संचालित गतिविधियों को देखकर बच्चों के चेहरे पर खुशी की झलक देखने को मिली। आज रीपा सेंटर में समूह की महिलाओं को सिलाई इकाई में उन्होंने कपड़ों को सिलते देखा, आलू चिप्स निर्माण इकाई में उन्होंने आलू चिप्स बनते देखा, पेवर ब्लॉक निर्माण इकाई में उन्होंने पेवर ब्लॉक निर्माण का कार्य देखा, फ्लाई एस ब्रिक्स निर्माण का कार्य देखा। सभी कार्यों को देखकर बच्चे बहुत उत्साहित हुए। बच्चों को विकासखंड परियोजना प्रबंधक माधुरी भंडारी द्वारा बताया गया कि यहां किस प्रकार से एक बेहतर इकोसिस्टम निर्माण कर ग्रामीण जनों की अर्थव्यवस्था को शासन के सकारात्मक कदम के माध्यम से मजबूत किया जा रहा है।

# जिपं अध्यक्ष रेणुका ने विपक्षियों को किया परेशान

**कोरिया/बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ में जहां धीरे धीरे चुनाव नजदीक आते जा रहा है वैसे ही संभावित उम्मीदवारो के द्वारा अपने अपने चुनाव क्षेत्र में जन संपर्क के साथ साथ नए नए अजूबे पेस कर रहे है। हाल ही में मनेद्रगढ विधानसभा में एक अजूबा देखने के साथ साथ कोताहुल का विषय बना हुआ है जिसमे सयुक्त जिला कोरिया के जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह के फोटो के साथ मनेद्रगढ और चिरमिरी के आसमानो में बैलून उड़ता देखा जा सकता है जो हर चौक चौराहा में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों की माने तो मनेद्रगढ विधानसभा में कमल खिले या ना खिले ये भविष्य के गर्भ में टीका है परंतु सरल,सहज और लोगो की आवाज रेणुका सिंह ने या कहे उनके प्रशंसकों के द्वारा आसमान में भारी भरकम कमल




खिला कर के बैलून उड़ा के अपनी उम्मीदवारी के साथ ही विपक्षीयो को चिंता में डाल दिए है। रेणुका सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष के परिवार से ही सन 2000 में सीधी लोकसभा चुनाव में आजादी से पहली बार खड़गवां से चंद्र प्रताप सिंह बीजेपी ने टिकट दे कर विश्वास किया और उन्होंने जीत हासिल की और पुन: दुबारा टिकट बीजेपी से मिला और दुबारा जीत हासिल किए थे। यदि बीजेपी ग्रामीण क्षेत्र से रेणुका सिंह को जो अभी जिला पंचायत अध्यक्ष है उनको टिकट मिलती है तो ऐसा विश्वास है की मनेद्रगढ विधानसभा का यह सीट बीजेपी को मिल सकता है। यही जीत के प्रयास को रेणुका सिंह ने अपना और बीजेपी को नया पहचान देने का प्रयास किया है। खैर टिकट और जीत भविष्य के गर्भ में है लेकिन रेणुका सिंह के बैलून ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में अजूबा बना हुआ है।

# नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के कार्यों को लेकर उठते सवाल

### सफाई व्यवस्था को लेकर कलेक्टर कोरिया से शिकायत







**कोरिया/बैकुंठपुर।** वैसे तो कोरिया जिला भ्रष्टाचारियों का गढ़ बनकर रह गया है यहां पर कार्यवाही के नाम पर सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं है आश्वासन में 5 साल गुजर गए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है चाहे वह जिले का राजस्व विभाग हो स्वास्थ्य विभाग चाहे नगरी निकाय क्षेत्र हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार एवं भ्रष्टाचार्यों का बोलबाला है। ऐसे ही मामले में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के मूर्ति विसर्जन कुंड को लेकर गौ रक्षा के अनुराग दुबे के द्वारा दिए गए शिकायत में कोई कार्रवाई नहीं होने से परेशान होकर कलेक्टर कोरिया को शिकायत की गई की गई शिकायत में साल भरपूर दिए गए आश्वासन का उल्लेख किया गया।

कलेक्टर कोरिया के द्वारा इस मामले को संज्ञान लेते हुए बताया गया कि मैं खुद जाकर उसे स्थान का निरीक्षण करूंगा और कार्यवाही करने की बात कही कलेक्टर कोरिया के आश्वासन के बाद अनुराग दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर में साल भर पहले शिकायत करने के बाद भी झुमका बांध स्थित विसर्जन कुंड स्थल की स्थिति जस की तस झुमका बांध स्थित मूर्ति विसर्जन स्थल की स्थिति जैसी पिछले वर्ष थी वैसी आज भी है जबकि नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के द्वारा साल भर पहले यह आश्वासन दिया गया रहा की जैसे ही दुर्गा पूजा विसर्जन बीतेगा उसके तुरंत बाद इस विसर्जन स्थल का कार्य करवाया जाएगा पर बहुत दुख के साथ यह आप सभी को बताना पड़ रहा है कि विसर्जन स्थल की स्थिति बैकुंठपुर नगर पालिका नहीं सुधर पाई अभी कुछ दिन में कृष्ण जन्माष्टमी गणेश पूजा एवं दुर्गा पूजा होने वाली है पर जो विसर्जन स्थल है वहां की स्थिति बत से बतर है हैरान वाली बात तो यह है कि दुर्गा पूजा विसर्जन बीतने के 11 महीने बाद आज तक वहां ना तो कोई जवाबदार अधिकारी या कोई सफाई प्रभारी झांकने तक नहीं गए।

और तो और पिछले वर्ष का विसर्जन का मालवा आज तक विसर्जन कुंड के अंदर पानी में पड़ा हुआ है उसकी तक सफाई बैकुंठपुर नगर पालिका नहीं करवा पाई तो आप इनसे आगे क्या उम्मीद करेंगे वही हाल बैकुंठपुर पैलेस रोड स्थित राम मंदिर तालाब एवं बगल में जेल तालाब का है इन दोनों तालाबों में साफ सफाई एवं सुंदरीकरण एवं गहरीकरण के नाम पर करोड़ों रुपए की राशि खर्च की गई पर इस दोनों तालाबों की स्थिति आज भी बत बतर है महीने भर पहले इस तालाब मैं फैली हुई गंदगी की जानकारी बैकुंठपुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी गई थी पर उन्होंने भी इस तालाब की सफाई का कोई व्यवस्था नहीं करवाई कुछ दिन बाद हिंदुओं का महापर्व छठ आने वाला है, पर नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर को इन तालाबों की फैली हुई गंदगी से कोई मतलब नहीं है जब छठ पूजा आएगी तो बैकुंठपुर नगर पालिका तीन दिन पहले सफाई करने आ जाएंगे और केवल फॉर्मेलिटी करके चल जाएंगे यहां तक की कई महीनो से तालाब की सीढ़िया में झाड़ू तक नहीं लग रही है बैकुंठपुर नगर पालिका बैकुंठपुर की सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे है और हमारे बैकुंठपुर में सफाई कर्मचारियों की संख्या महिला पुरुष मिलकर के 100 के ऊपर है उसके बाद भी यहां का सफाई का स्तर सबसे घटिया है।

इन दोनों मुद्दे को लेकर के आज बैकुंठपुर कोरिया जिले के कलेक्टर से मुलाकात कर आज उन्हें बैकुंठपुर नगर पालिका क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर पालिका विभाग को आदेशित करने का आदेश दिया एवं हमें आश्वासन दिया है कि मैं खुद जाकर के विसर्जन स्थल का जायजा लूंगा और जल्द से जल्द विसर्जन स्थल की स्थिति और वहां की व्यवस्था दुरुस्त होगी।

# विधायक के भाई के पर आदिवासी युवक की हत्या का मामला दर्ज

### भाजपा की मशक्कत के बाद पुलिस का एक्शन

**कोरिया/चिरमिरी।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कांग्रेस विधायक के भाई के क्रेसर में आदिवासी युवक की मौत के मामले में मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयास आंदोलन के बाद अंतत: विधायक के भाई विनोद जायसवाल के उपर थाना खड़गवां में 304 ए, 287 भादवी के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज होने के साथ ही मृतक के आश्रित परिवारजनों को श्रम विभाग द्वारा क्रेसर संचालक को 9 लाख 94 हजार रूपए प्रदान करने का आदेश दिया गया है।

भाजपा कार्यालय बड़ा बाजार में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि विधायक के भाई के खड़गवां में अवैध रूप से संचालित क्रेसर में 4 जून 2023 को क्रेसर में दबने से नागपानी निवासी आदिवासी भाई आनंद सिंह उर्फ राजू सिंह उम्र 30 वर्ष की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद आनन फानन में सत्ता के दबाव में विधायक के भाई को बचाने के लिए पुलिस के द्वारा केवल मर्ग कायम कर खाना पूर्ति कर ली गई थी। लेकिन मामले के संज्ञान में आने के बाद से भारतीय जनता पार्टी के द्वारा निरंतर धरना आंदोलन एवं घेराव करके मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने का अथक प्रयास किया गया। लेकिन सत्ता के दबाव में 3 महिने के बाद विधायक के भाई क्रेसर संचालक विनोद जायसवाल के उपर खड़गवां पुलिस ने अपराध क्रमांक 355/2023 आईपीसी 304ए, 287 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी ने मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने का जो प्रयास किया था अंतत: वो पूर्ण हुआ है। सत्ता के दबाव में जो कार्यवाही 3 महीने तक लंबित रही उसे उसके अंजाम तक पहुचाने के लिए हर संभव प्रयास भाजपा द्वारा किया गया है। इसके साथ ही श्रम विभाग के द्वारा भी मृतक के आश्रितों को 9 लाख 94 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान करने आदेश जारी कर क्रेसर संचालक को राशि श्रम विभाग में जमा करने को कहा गया है। मृतक के परिजनों को सहायता राशि भी जल्द से जल्द प्रदान नहीं किया जाता है तो आगामी समय में हम श्रम विभाग के कार्यालय का घेराव कर मृतक के परिजनों को सहायता राशि प्रदान कराने का भी पूर्ण प्रयास करेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष के वायरल आडियो को लेकर श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा की ये कांग्रेस पार्टी सुरू से ही अपने प्रतिद्वंदियों के खिलाफ फर्जी आडियो/वीडियो बनाने में माहिर रही है दलित नेता बाबू जगजीवन राम को प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए उनके बेटे को फर्जी स्कैंडल में फसाने में कामयाब रहे। वहीं छत्तीसगढ़ में भी फर्जी सीडी कांड पिछले चुनाव से पूर्व भी आप सभी ने सुना और देखा था ऐसे कई उदाहरण मौजूद है कांगेस सरकार के। लेकिन मै आपसे इतना कहना चाहता हूं कि विधायक विनय जायसवाल अपना मांसिक संतुलन खो चुके है क्योंकि उनके भाई के उपर भाजपा के निरंतर दबाव के बाद खड़गवां थाना में अभी गैर इरादतन हत्या



का मामला दर्ज हुआ है। तो स्वभाविक है इसकी टीस तो कहीं न कहीं वो निकालेंगे ही। इसीलिए उन्हे फर्जी स्क्रिपटेड आडियो/विडियों का इस्तेमाल करना पड रहा है। यदि विडियों सही होता तो जो कोयला तस्कर है उसका चेहरा नहीं छुपाते और कोयला तस्कर को बचाते नहीं विधायक विनय जायसवाल, बल्कि इस आधार पर कोयला तस्कर के खिलाफ कार्यवाही करवाते। खैर मेरे खिलाफ व भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विगत 5 वर्षों में विधायक विनय जायसवाल के द्वारा छवि धूमिल करने का अथक प्रयास किया गया लेकिन उन्हे कभी सफलता नहीं मिली। कुछ दिनों पूर्व उनके द्वारा कहा गया था कि मेरे द्वारा 500 एकड़ आदिवासी जमीन हड़प ली गई है।

आप सभी को मालूम होगा कि किसी भी व्यक्ति की एक इंच जमीन आप यदि ले लेंगे तो व्यक्ति राजस्व न्यायालय की शरण में पहुंच जाता है। यदि मैने किसी की भी जमीन हड़पी होती तो कोई एक प्रकरण तो राजस्व न्यायालय में मेरे खिलाफ दर्ज होता.? विधायक विनय जायसवाल अभी सत्ता में है मेरे संपत्ति का विवरण मेरे निर्वाचन शपथ पत्र में आन लाईन है, कुछ भी गलत होता तो आज तक मेरे विरूद्ध मामला पंजीबद्ध नहीं होता क्या.? विधायक को अपनी घटती लोकप्रियता और आम जनमानस के बीच शुरू हो चुके उनके विरोध की भनक लग चुकी है और उन्हे अपनी हार निश्चित दिखाई देने लगी है तो वे अब ऐन केन प्रकरेण किसी भी तरह से अपनी खराब होती छवि को बचाने के लिए बिना सिर पैर के आरोप लगाने लगे है। विधायक के पास अभी भी एक महीना का समय और है सत्ता उनकी है हर तरह की जांच वो मेरे खिलाफ करवा सकते है, वो कहते है की विधायक बनने के बाद 500 एकड़ आदिवासी जमीन हड़प ली है मैं कहता हूं की मेरे विधायक बनने के बाद 25 एकड़ आदिवासी जमीन हड़पना ही बता दे मैं राजनीति से सन्यास ले लूंगा। बहुत जल्द ही विनय जायसवाल के ऊपर अपराधिक मानहानि का मामला भी माननीय न्यायालय के समक्ष दर्ज होने जा रहा है। इस प्रेसवार्ता में पूर्व महापौर डंबरू बेहरा, भाजपा जिला मंत्री कीर्ति वासो, अरुणोदय पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव, श्रीमती नीलम सलूजा, श्रीमती इंदू पनेरिया, श्रीमती रजनी तिवारी, द्वारिका जायसवाल, राजू नायक, बबलू शर्मा, श्रीमती रेणु पांडे, धर्मेंद्र त्रिपाठी, गेंदलाल पटेल, अनीश यादव, मनदीप गिरी, दीपांकर महंता, बबलू डे, अब्दुल रसीद, पतिराज सिंह चौहान, गणेश सोनकर, मनोज जैन, ओम प्रकाश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, मनोज जैन, राजेंद्र दास, संस्कार केसरवानी, रामचंद्र, राजेश सिंह, मनीष खटीक, योगेंद्र प्रताप सिंह सहित काफी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वर्षा के लिए ननकी राम करवा रहे फूलझर में महायज्ञ

**कोरबा।** पूर्व गृहमंत्री व वर्तमान विधायक ननकी राम कंवर ने प्रदेश की किसानों के लिए अच्छी फसल की कामना कर सुख समृद्धि व वर्षा कराने वरुण देव् की 7 दिवसीय यज्ञ फरसवानी के आश्रित ग्राम फूलझर के हसदेव नदी किनारे शिव मंदिर में 1 सितंबर से प्रारंभ किए। प्रथम दिवस के यज्ञ पूजन कार्यक्रम में रामपुर विधानसभा विधायक ननकीराम कंवर, 7 दिवसीय यज्ञ के व्यवस्थापक व भाजपा नेता झाम लाल साहू, विश्राम कंवर, लेखराम सोनवानी भाजपा अजा मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष, उमेश राठौर, वेदु पटेल, पंडित पुराणिक तिवारी सहित सात ब्राम्हण पंडित, लष्मी तिवारी व कृषकगण उपस्थित थे। वरुण देव की यह महायज्ञ सात दिन तक अनवरत जारी रहेगा क्षेत्र की जनता व कृषक गण सादर आमंत्रित है। तथा विधायक कंवर लोगो को पूजा में शामिल होने के लिए अपील किया है।

## खामियां मिलने पर नोटिस थमाया

**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा खानपान और नर्सिंग व्यवस्था से जुड़े मामले को लेकर संबंधित लोगों को नोटिस दिया गया है। संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। ट्रामा सेंटर का भ्रमण करने पर उपअधीक्षक को कई प्रकार की खामियां मिली थी। मरीजों और उनके परिजनों की शिकायत पर यहां का निरीक्षण करने पर पता चला कि रोटी का वितरण सहीं तरीके से नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही उपचार के लिए भर्ती मरीजों की चिकित्सा के मामले में अनदेखी की जा रही है। बताया गया था कि चिकित्सा करने के बजाय मरीजों को दूसरी जगह रेफर करने की बात की जा रही थी। अधिकारी ने इसे नियमों के विरूद्ध माना और नोटिस जारी कर दिया। कहा गया कि इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# प्रताड़ना से तंग आकर फरसा से पिता का सिर किया धड़ से अलग

## आरोपी पुत्र ने किया थाना में सरेंडर

-स्थानीय संवाददाता-

**कोरबा।** शनिवार को सुबह गांव पुटवा में हुई घटना में पुत्र ने अपने पिता की फरसा से हमला कर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह गांव से भाग कर कटघोरा पहुंचा और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। उसे मामले में गिरफ्तार किया गया है। सूचना के बाद पुलिस की टीम गांव पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया।

कटघोरा पुलिस थाना की जटगा चौकी के अंतर्गत यह घटना आज सुबह लगभग 6 बजे पुटवा गांव में हुई। जटगा से इस गांव की दूरी 8 किमी के आसपास है, जहां पर चंद्रभूषण सिंह के द्वारा 62 वर्षीय पिता अवध सिंह पर फरसा से हमला कर दिया। इस वारदात के दौरान मृतक का सिर धड़ से अलग हो गया। यह सब काफी जल्दबाजी में हुआ। आरोपी कितने आवेश में रहा होगा, इसका पता इसी बात से चलता है कि उसने बिना देरी किये इस घटना को अंजाम दिया और मौके से भाग निकला। कटघोरा पुलिस थाना पहुंचकर उसने खुद को पुलिस के हवाले कर दिया और अपने पिता की हत्या करने की जानकारी दी। इस सूचना ने पुलिस को हैरान किया।

बताया गया कि अलग-अलग कारणों से अवध सिंह का अपने पुत्र से अक्सर विवाद होते रहता था और इसकी चर्चा आसपास में भी होती थी। लंबे समय से विवाद के साथ प्रताड़ना का दौर जारी रहा। आखिरकार तंग आकर पीड़ित युवक के द्वारा अपने रास्ते से पिता को हटाने के लिए यह अप्रिय कदम उठाना पड़ा। जटगा चौकी प्रभारी मंतूराम मरकाम और सहयोगियों ने पुटवा गांव का रूख करने के साथ वहां का जायजा लिया और मृतक का शव अपने कब्जे में कर लिया। इस सिलसिले में मर्ग के साथ हत्या का अपराध कायम किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना क्रम को लेकर स्थानीय लोगों से पूछताछ की जाएगी और अगली कार्रवाई की दिशा में बढ़ा जाएगा।



घटना स्थल का जायजा लेती जटगा पुलिस की टीम



आरोपी चंद्रभूषण।

### लोमहर्षक मामलों में बढ़ोतरी

कोरबा जिले में शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रो ं में अलग-अलग मौके पर इस प्रकार की घटनाएं हो रही है, जिनका लोमहर्षक अंदाज बताता है कि लोग किस तरह से एक दूसरे के खून के प्यासे हो चुके है। भले ही पुटवा में आज यह घटना हुई है, जबकि इससे पहले दूसरे क्षेत्रों में ऐसे कारनामों में पुलिस के साथ-साथ मनोचिंतकों और जन सामान्य को सोचने के लिए मजबूर कर दिया।

कटघोरा के केंदई रेंज में हाथियों का आतंक जारी

## ग्रामीण को दंतैल ने सूड़ से उठाकर पटका, गंभीर

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में हाथियों का आंतक अब तक जारी है। यहां के कोरबी सर्किल अंतर्गत पोड़ीखुर्द व खड़पड़ी पारा में घूम रहे 30 हाथियों के दल ने जहां बीती रात उत्पात मचाते हुए कई किसानों की फसल को रौंद दिया, वहीं सिरमिना सर्किल के पाली गांव में अचानक धमके दंतैल ने एक ग्रामीण को सूड़ से उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हाथियों के आतंक से क्षेत्र के ग्रामीण काफी भयभीत हैं और रतजगा भी करने को मजबूर हैं। वन विभाग ने क्षेत्र में घूम रहे हाथियों को खदेड़ने का प्रयास किया है, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल पा रही है। बीती रात रेंज के कोरबी सर्किल में घूम रहे 30 हाथियों के दल ने पोड़ी खुर्द व खड़पड़ी पारा में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों का दल ग्रामीणों के खेतों में पहुंच गया और वहां लगे धान के फसल को रौंदने के साथ तहस नहस कर दिया। यहां के ग्रामीण अपने आंखों के सामने बेबस होकर अपनी मेहनत पर पानी फिरता देखे। आज सुबह वन विभाग को जानकारी देने पर उसका अमला मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है। केंदई रेंज के सिरमिना रेंज के पाली गांव में एक दंतैल ने ग्रामीण पर हमला कर घायल कर दिया है। बताया जाता है कि बुधराम सिंह पिता देवसिंह गोड़ 32 वर्ष आज सुबह अपने खेत में फसल को देखने गया था, तभी उसका सामना दंतैल से हो गया। दंतैल से बचने के लिए वह भागने की कोशिश कर रहा था तभी विशालकाय जानवर ने अपने सूड़ से उसे उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर हो गया। गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को उसके परिजनों ने सरकारी वाहन बुलाकर उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल अस्पताल पहुंचे और घायल ग्रामीण का हालचाल जानने के साथ ही उसके परिजनों को उपचार के लिए तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध करायी।



## बेलिया करैत सर्प के डंसने से बालिका की मौत

### इमलीछापर कुसमुंडा क्षेत्र की घटना

**कोरबा।** इमलीछापर चौक थाना कुसमुण्डा निवासी 10 वर्षीय बालिका को गत रात्रि 3 बजे के लगभग बेलिया करैत सर्प ने डंस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार इमलीछापर चौक थाना कुसमुण्डा निवासी विजय सिदार उम्र 35 कल रात कोयला लोडिंग करने के लिए खदान गया हुआ था। उसी दौरान रात्रि में 3 बजे के लगभग घर में सो रही उसकी 10 वर्षीय बालिका कुमारी अन्नया सिदार को जहरिले सर्प ने डंस लिया। इसकी सूचना पत्नी द्वारा देने पर वह तत्काल घर पहुंचा। जहां से बच्ची को लेकर जिला अस्पताल पहुंचकर उपचार के लिए दाखिल कराया। बताया जाता है कि एंटी स्नेक इंजेक्शन लगाये जाने से पहले ही बालिका ने दम तोड़ दिया। अस्पताल के वार्ड ब्याय द्वारा सूचना दिये जाने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर मृतका के शव को चीरघर भिजवा दिया।

## स्वच्छता का स्कूल में दिया जा रहा संदेश



**कोरबा।** माध्यमिक शाला आमापाली में 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्य संपादित किया जाना है

इसी तारतम्य में शासकीय माध्यमिक शाला आमापाली,की प्रधान पाठिका श्रीमती शेख के दिशानिर्देश व मार्गदर्शन में समस्त शिक्षकों, छात्रों,गणमान्य नागरिकों व शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री गौरव अलंकृत व 5 सितम्बर 2023 को राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री के हाथों से राजभवन में राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित शाला के वरिष्ठ शिक्षक मुकुन्द केशव उपाध्याय द्वारा शपथ दिलाई गई,एवं घर,परिवार, समाज,सार्वजनिक स्थलों को हम कैसे साफ रखें,इसकी जानकारी देते हुये शतत स्वच्छता बनाये रखने हेतु जागरूकता बनाये विषयक चर्चा करते हुये शपथ सन्देश दिये। शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती शाजदा शेख, श्रीमती सुमिरन टोप्पो, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती माया मोदी, श्रीमती प्रिसिल्ला टोप्पो ने भी बच्चों को अपने नाखून,दाँत, बाल,साग सब्जी, हाथ सफ़ाई करने सम्बन्धी लाभ को बताया,ताकि बच्चे सदा साफ सुथर रहते हुये स्वस्थ रहें,इसके अलावा श्रीमती सुमिरन टोप्पो, के मार्गदर्शन में बच्चो को स्वच्छता सम्बन्धी चित्रकला प्रतियोगिता /रंगोली प्रतियोगिता कराई गई,इस कार्यक्रम से बच्चो ,पालकों में काफी उत्साह रहा,एवम ग्रामीणों ने शासन के इस कार्य की प्रशंसा किये,आज स्वच्छता पखवाड़ा के इस कार्यक्रम में संस्था के समस्त गुरुजन,पालक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राजस्व मंत्री जयसिंह ने छोटी बहनों को दिया दुलार, बड़ें से लिया आर्शीवाद



**कोरबा।** शुक्रवार को एनटीपीसी क्षेत्र में स्थित सिद्धि वाटिका में रक्षाबंधन समारोह का आयोजन हुआ। दर्री, जमनीपाली, गोपालपुर, लाटा, अगारखार, सुमेंधा, कुमगरी, बरेड़ीमुड़ा, भाठापारा, कुदुरमाल, चोरभट्ठी, रामनगर, राजीव नगर, केंदईखार, नागीनभाठा, अयोध्यापुरी, सलिहाभाठा क्षेत्र में निवारसरत बहनों ने राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को रक्षा सूत्र बांधा।

गुरुवार को कोरबा स्थित श्री राम दरबार परिसर एवं बालकोनगर में रक्षाबंधन समारोह आयोजित हुआ था। दर्री, जमनीपाली, अयोध्यापुरी क्षेत्र से बड़ी संख्या में हर आयु वर्ग की बहनें अपने मंत्री भाई को राखी बांधने पहुंची थी। बहनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बहनें मंत्री जयसिंह अग्रवाल को रक्षा सूत्र बांध कर हर्षित हुईं। श्री अग्रवाल प्रत्येक बहन से रक्षा सूत्र बंधवाते हुए उनका अभिवादन भी स्वीकार कर रहे थे। वे अपने से छोटी बहनों को दुलार रहे थे और बड़ी बहनों से आर्शीवाद ले रहे थे। बहनें कतारबद्ध होकर अपने भाई जयसिंह अग्रवाल तक पहुंची और एक- एक कर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान भाई- बहन के अटूट रिश्ते का एक भावनात्मक वातावरण उत्पन्न हुआ, जिसने लोगों को भाव विभोर कर दिया। प्रत्येक बहन को उपहार भी प्रदान किया गया। मौसम को देखते हुए बहनों को परेशानी न हो इस हेतु व्यापक इंतेजाम किए गए थे। बहनों एवं उनके साथ आए अन्य परिजनों के लिए स्वल्पाहार, पेयजल की भी माकूल व्यवस्था की गई थी। गौरतलब है कि जयसिंह अग्रवाल को राजस्व मंत्री बनने के पूर्व से ही कोरबा विधानसभा क्षेत्र की बहनें रक्षा सूत्र बांधते आ रही हैं।

## पूर्व मेयर रेणु की उपस्थिति में मनाया भोजली पर्व



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक भोजली पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। बालकोनगर एवं राताखार क्षेत्र में आयोजित भोजली उत्सव में पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल सम्मिलित हुईं। उन्होंने इस दौरान क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि के लिए कामना की।प्रतिवर्ष की भांति बालकोनगर के वार्ड क्रमांक 38 में भोजली महोत्सव का आयोजन किया गया।

दोपहर में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। संध्या में पूजन एवं भोजली विसर्जन का कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल सम्मिलित हुईं। पूर्व महापौर ने अपने हाथों से श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। रेणु अग्रवाल ने सिर पर भोजली की टोकनी भी रखी। इसी तरह राताखार में आयोजित भोजली उत्सव में भी पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल सम्मिलित हुईं। यहां पर भोजली उत्सव का आयोजन साहू समाज द्वारा किया गया था। दोनों ही कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल को उपस्थित होना था , लेकिन रक्षाबंधन समारोह के कारण वे नहीं पहुंच सके। रेणु अग्रवाल ने कहा कि भोजली एक ऐसा पर्व है, जिसमें जीवन भर मित्रता का धर्म निभाने का संकल्प लिया जाता है। उन्होंने कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने भी इसी तरह क्षेत्र के लोगों की सेवा का संकल्प लिया हुआ है और वे अपने संकल्प को पूरा करने में हमेशा डटे और जुटे रहते हैं। महिलाओं ने भोजली यात्रा निकाली और पारंपरिक रस्मों के साथ तालाब में भोजली का विसर्जन किया गया।

## निर्माण सामाग्री के भाव में उछाल

**कोरबा।** अब घर बनाना और भी महंगाइ हो गया है। पखवाड़े भर के भीतर ही सरिया की कीमत में 4,000 रुपये प्रति टन का उछाल आया है। 15 अगस्त तक 56 हजार रुपये टन में बिकने वाला सरिया 60 हजार रुपये टन पार हो गया है। फैक्ट्रियों में सरिया 58 हजार रुपये टन और रिटेल में 60 हजार 500 रुपये टन बिक रहा है। वहीं सिमेंट की कीमतों में भी 60 रुपए प्रति बोरी का ईजाफा हुआ है। इस क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों के अनुसार आने वाले दिनों में इसकी कीमत में और बढ़ोतरी हो सकती है।देश की जनता पर महंगाई की मार कम होने का नाम नहीं ले रही। एक चीज के दाम कम होते हैं,तो दूसरे के दाम बढ़ जाते है। मोदी सरकार हाल ही में रसोई गैस की कीमतों में कटौती की थी लेकिन उसकी भरपाई भवन निर्माण सामग्रियों के दाम बढ़ाकर पूरी कर ली। सरिया में जहां चार हजार रुपए प्रति टन की बढ़ोत्तरी हुई है वहीं सिमेंट भी प्रति बोरा 60 रुपए महंगा हो गया है। सरिया की कीमतों में पिछले वर्ष 2022 में जबरदस्त तेजी आई थी और मार्च 2022 में यह अपने उच्चतम स्तर 80 हजार 400 रुपये टन पहुंच गया था। हालांकि इसके बाद कीमतों में गिरावट आई, लेकिन काफी दिनों तक सरिया की कीमत 60 से 65 हजार रुपये टन के बीच रही। इस वर्ष जुलाई में दाम और गिरे तथा सरिया की कीमत दो वर्ष पहले के स्तर पर पहुंच गई थी।वहीं दूसरी ओर सीमेंट कंपनियों ने सिमेंट की कीमतों में प्रति बोरा 60 रुपयों की बढ़ोत्तरी कर दी है। सितंबर के दूसरे सप्ताह में सीमेंट के दाम और भी बढ़ने की संभावना है।

## विवाहिता हुई लापता पुलिस कर रही तलाश

**कोरबा।** जिले के बांगो थानांतर्गत मातिन के पोड़ीबहरा निवासी एक विवाहिता महिला अपने से आधे उम्र के ब्यायफ्रेण्ड के साथ अचानक लापता हो गई। लगातार 9 दिनों तक तलाश करने के बाद जब वह नहीं मिली तो उसके पति ने बांगो थाना पहुंचकर गुम इंसान क्रमांक 29/23 के तहत उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा दी।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के बांगो थानांतर्गत मातिन के पोड़ीबहरा निवासी कौशिल्या बाई उम्र 46 वर्ष के तीन बच्चे है। इसी दौरान वह अपने से आधे उम्र के एक ब्याय फ्रेण्ड के संपर्क में आ गई। जिसके परिणाम स्वरूप विगत 24 अगस्त को वह बिना बताए घर में बच्चों को छोड़कर अचानक लापता हो गई। उस दिन खेती किसानी का काम निपटाकर उसका पति जब घर पहुंचा तो वह गायब थी। देर सायं तक उसकी तलाश करते रहा, मगर वह लौटकर नहीं आई। इसी तरह लगातार 9 दिनों तक कौशिल्या बाई का पति केवल सिंह गोड़ उम्र 48 अपने तमाम रिश्तेदारों के यहां एवं पत्नी की सहेलियों के यहां पता करते रहा। अंतत: जब कहीं कोई सुराग नहीं मिला तो आज उसने बांगो थाना में गुम इंसान क्रमांक 29/23 के तहत उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा दी। बांगो पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त महिला की खोजबीन में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत उसकी तलाश में थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक शिव सिंह परिहार एक टीम लेकर युद्ध स्तर पर जुटे हुए है।

## अनीश ने किया सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रवेश

### राजस्व मंत्री के विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस के प्रति जताई निष्ठा



**कोरबा।** विधानसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ ही राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के विकास कार्यों और कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर कार्यकर्ता पार्टी से जुड़ने लगे हैं। कार्यकर्ता कांग्रेस के प्रति अपनी निष्ठा जता रहे हैं। इसी कड़ी में इतवारी बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन ने शुक्रवार को अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रवेश किया।

कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सपना चौहान ने अनीस मेमन सहित सैंकड़ों समर्थकों को गमछा पहनाकर सम्मानित करते हुए कांग्रेस परिवार में उनका स्वागत किया। संक्षिप्त कार्यक्रम में अनीस मेमन सहित अभिषेक तिवारी, अंकु खान, मोहम्मद अशरफ, कलीम खान, रामजी जायसवाल, गौरव ठाकुर, धीरू जोगी, अनिल चावलानी, बननी पाहुजा, प्रदीप चेतवानी ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के प्रति पूर्ण निष्ठा से काम करने का भरोसा दिलाया है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कांग्रेस प्रवेश करने वाले कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने सभी वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है। हर वर्ग का विश्वास कांग्रेस सरकार पर बढ़ा है। महापौर ने कहा कि राजस्व मंत्री के नेतृत्व में कोरबा जिला का समुचित विकास हुआ है। सपना चौहान ने कहा कि अनीस मेमन कांग्रेस के हमारे पुराने साथी हैं। कुछ कारणों से जरूर वे कांग्रेस से दूर हो गए थे। आज उनकी घर वापसी से काफी खुशी हैं। कांग्रेस में प्रवेश लेने वाले अनीस व उनके सभी समर्थकों ने कहा कि कांग्रेस ही वास्तव में सभी वर्ग और समुदायों के लिए काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार और राजस्व मंत्री द्वारा जिस तरह से काम किया जा रहा है, उससे वे बेहद प्रभावित हैं। कांग्रेस के नीतियों और राजस्व मंत्री की कार्यशाली से प्रभावित होकर ही सभी ने कांग्रेस में प्रवेश किया है। इसके पहले यह सभी किसी न किसी अन्य दल से जुड़कर कार्य करते रहे हैं, लेकिन अब इन सभी ने कांग्रेस के प्रति गहरी निष्ठा व्यक्त करते हुए पार्टी को अपना समर्थन दिया है। इस अवसर पर कोरबा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष राठौर, पार्षद पवन गुप्ता, सुरेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## कक्षा 6वीं में प्रवेश 6 सितम्बर तक

**कोरबा ।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6वीं में मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया 06 सितम्बर 2023 तक दी जा रही है। एलडब्ल्यूई जिलों में विद्यार्थियों के प्रवेश परीक्षा में पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होने से भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जिला स्तर पर मेरिट सूची तैयार कर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि भारत सरकार के नवीन दिशा-निर्देश अनुसार जिला स्तरीय मेरिट सूची तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिलों में प्रवेश प्रक्रिया हेतु मेरिट सूची के आधार पर विद्यालयों में विगत 28 अगस्त से 06 सितम्बर 2023 तक प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक/3112/अ.भू.अ.(परि.शा.)/वाचक/ 2023
कोरबा, दिनांक 23.08.2023

रा.प्र.क्र.-869/अ-2/2022-23
ग्राम- रिसदा, प.ह.नं.-14
तह.-कोरबा, जिला- कोरबा(छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 869/ अ-2/ 2022-23 आवेदिका श्रीमती रश्मि साहू पति श्री अरविन्द साहू, निवासी- बालको नगर कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा के द्वारा ग्राम-रिसदा, प.ह.नं. 14, तहसील व जिला-कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 396/33 रकबा 0.024 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 08.09.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा.
जिला- कोरबा (छ.ग.)

होटल देवांश
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
नॉन AC डबल बेड 800/-
लक्जरी रूम
नॉन AC सिंगल बेड 650/-
Behind Tarun Chhattisgarh, Kunwabhatta, T. P. Nagar, Korba (C.G.)


होटल आकाश
8908730000, 9425223290
9893528408, 9691071600
लक्जरी रूम
Tilak Marg, Budhwari Bypass Road, T. P. Nagar, KORBA, Dist. Korba (C.G.) 495 677

राजीव युवा मितान क्लब छत्तीसगढ़

# राजीव युवा मितान सम्मेलन

2 सितंबर 2023
मेला स्थल, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

मुख्य अतिथि
श्री राहुल गांधी
माननीय सांसद




## किया वादे से ज्यादा, भरोसा बरकरार युवाओं के साथ छत्तीसगढ़ सरकार

**सरकारी नौकरी के सपने हो रहे पूरे**
42,000 विभिन्न शासकीय पदों पर भर्ती जारी

**आकांक्षाओं पर निवेश**
शिक्षित बेरोजगार युवाओं को प्रतिमाह 2,500 रु भत्ता

**मजबूत भविष्य को आकार**
कौशल विकास प्रशिक्षण से 4.68 लाख युवाओं का भविष्य मजबूत

**युवाओं को आर्थिक राहत**
सीजीव्यापम और सीजीपीएससी की परीक्षाओं की फीस माफ

**रोजगार मेला - सफलता की राह**
18,666 युवाओं के हाथों में रोजगार-स्वरोजगार

**उज्ज्वल भविष्य का निर्माण**
10 नए स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय

**स्कूली शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा**
हायर-सेकेंडरी में भी आईटीआई शिक्षा और प्रमाण पत्र

**तकनीकी प्रशिक्षण से रोजगार की राह आसान**
194 आईटीआई संचालित, 36 शासकीय आईटीआई का टाटा टेक्नोलॉजीस के साथ एमओयू

**मजबूत युवा हाथों में निर्माण की जिम्मेदारी**
ब्लॉक स्तर पर पंजीकृत युवा इंजीनियरों को दिए जा रहे 20 लाख रु तक के निर्माण कार्य

**निखर रहीं खेल प्रतिभाएं**
4 आवासीय, 3 गैर आवासीय खेल अकादमियां, 24 खेलो इंडिया सेंटर स्थापित 8 नई खेल अकादमियां प्रस्तावित

**जमीनी स्तर की युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा**
13,242 राजीव युवा मितान क्लबों के माध्यम से 3.33 लाख युवाओं का सशक्तीकरण

**मजबूत नींव**
33 जिलों में अजा. अजजा. वर्ग के युवाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग

S- 38296/78

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com